रायपुर, मंगलवार 3 सितंबर 2024

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## सज धज कर पहुंचे नंदी बैल-दौड़ की रही धूम



**रायपुर।** सोमवार को प्रदेश समेत रायपुर में छत्तीसगढ़िया संस्कृति की छटा बिखर रही। गांव से शहर तक पोरा उत्सव मनाया गया। रायपुर के रावणभाठा में आकर्षक बैल सजावट और दौड़ का आयोजन हुआ। यहां एक दर्जन से अधिक किसान अपने बैल को घुंघरू, चमकदार कपड़ा व मुकुट से सजा-धजा कर नृत्य करते हुए शेष पेज 4 पर

*तीजा-पोरा तिहार में उत्साह के साथ झूमते-नाचते दिखीं महिलाएं*

# तीजा पोरा की खुशियां दोगुनी, 70 लाख महतारियों का सीएम हाउस में 'वंदन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

विष्णु भईया का घर-आंगन तीजा-पोरा त्योहार के मौके पर महतारियों से गुलजार रहा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की महतारी बहनों को तीजा पोरा तिहार पर बड़ा तोहफा दिया है। सीएम हाउस में तीजा पोरा महतारी वंदन शेष पेज 4 पर



### मुख्यमंत्री ने किया बहनों का सम्मान

*मुख्यमंत्री निवास पर पहली बार अभनपुर से आई इंद्राणी साहू, कुरूं से आई प्रतिमा वर्मा और दिव्या वर्मा, सेजबहार से आई करुणा बांधे, कोटा की निशा सोनी और कबीर नगर से आई संजना यादव ने बताया कि यहां* शेष पेज 4 पर

### श्रृंगार और पारंपरिक खेलों का आयोजन

मुख्यमंत्री निवास पर इन माताओं-बहनों के लिए तरह-तरह के पकवान और छत्तीसगढ़ी व्यंजन खाने के लिए परोसे गए, तो वहीं माताओं-बहनों के सजने-संवरने की शेष पेज 4 पर

पेरिस पैरालंपिक

## भारत ने जीता सोना-चांदी लगी पदकों की झड़ी



**पेरिस।** भारत ने पेरिस पैरालंपिक में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए सोमवार को नौ पदक जीत लिए। अब भारत के पदकों की संख्या 15 तक पहुंच गई है। सोमवार को नितेश कुमार, सुमित अंतिल ने स्वर्ण, योगेश कथूनिया ने रजत और निषाद कुमार ने चांदी पर कब्जा जमाया। भारत पदक तालिका में 3 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ 13वें स्थान पर चल रहा है।

### कथुनिया की लगातार चांदी ही चांदी



*भारत के योगेश कथुनिया ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। कथुनिया ने इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था।*




घरों को गिराने से पहले पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- कोई दोषी है तो भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता

*सुप्रीम कोर्ट ने 'बुलडोजर एक्शन' पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ इसलिए किसी के घर को कैसे गिराया जा सकता है कि वह व्यक्ति आरोपी या दोषी है। अदालत ने शासन और प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति दोषी भी है, तो भी उसके घर को गिराया नहीं जा सकता। अदालत ने कहा कि घरों को गिराने से पहले पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सिर्फ आरोपी होने के कारण किसी अचल संपत्ति को नहीं गिराया जा सकता। एसजी मेहता ने कहा कि डेमोलिशन तभी हो सकता है जब कोई ढांचा गैर कानूनी ढंग से बनाया गया हो। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि अदालत के सामने मामला गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। कोर्ट ने इस पर कहा कि अगर आप इस बात से सहमत हैं, तो हम इसके आधार पर दिशा-निर्देश जारी करेंगे। यह मामला तब उठा जब वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने अदालत से 'बुलडोजर एक्शन' को रोकने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की फिर से सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

### अवैध निर्माण पर नियमानुसार हो सख्ती



पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह अवैध निर्माण का बचाव नहीं कर रही है। कोर्ट ने कहा, हम किसी भी अवैध ढांचे को नहीं बचाएंगे जो सड़कों को बाधित कर रही है, जिसमें मंदिर भी शामिल हैं, लेकिन ध्वस्तीकरण के दौरान नियमों का पालन हो। एडवोकेट दुष्यंत दवे और सी.यू. सिंह ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दिल्ली के जहांगीरपुरी में डेमोलिशन का उदाहरण दिया, जहां कुछ मामलों में किराए पर दी गई संपत्ति को भी ढहा दिया गया था।

### हाल ही में हुए कई बुलडोजर एक्शन

एमेनेस्टी इंटरनेशनल की फरवरी 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2022 से जून 2023 के बीच दिल्ली, असम, गुजरात, मध्यप्रदेश और यूपी में सांप्रदायिक हिंसा के बाद 128 संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। मध्यप्रदेश में एक आरोपी के पिता की संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया गया। मुरादाबाद तथा बरेली में भी बुलडोजर से संपत्तियां ढहाई गईं। हाल ही में, राजस्थान के उदयपुर जिले में राशिद खान का घर भी बुलडोजर से गिरा दिया गया, जिसमें उनके 15 वर्षीय बेटे पर स्कूल में अपने सहपाठी को चाकू से गोदने का आरोप था।

### जमीयत उलेमा ए हिंद ने दाखिल की याचिका

जमीयत उलेमा ए हिन्द ने याचिका दाखिल कर सरकारों द्वारा आरोपियों के घरों पर मनमाने ढंग से बुलडोजर चलाने पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में यूपी, मप्र और राजस्थान में हाल में हुई बुलडोजर कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया गया है। याचिका में 'बुलडोजर जस्टिस' की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए शीघ्र सुनवाई की अपील की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने की यूपी सरकार के रुख की सराहना

जस्टिस गवई ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि अचल संपत्ति को केवल कानूनी प्रक्रिया के मुताबिक ही गिराया जा सकता है। कोर्ट ने कहा, हम इस मुद्दे के समाधान के लिए पूरे देश के लिए कुछ दिशा-निर्देश तय करने का प्रस्ताव करते हैं। हम उत्तर प्रदेश सरकार के रुख की सराहना करते हैं जिसने नियमानुसार कार्रवाई की।

### अवैध निर्माण हटाने देशभर में बने गाइडलाइन्स

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इसके लिए एक उचित प्रक्रिया होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा, अगर निर्माण अवैध है, तो ठीक है लेकिन इसमें कुछ नियमितता होनी चाहिए। हम एक प्रक्रिया तय करेंगे। जस्टिस विश्वनाथन ने पूछा कि ऐसे मामलों से बचने के लिए निर्देश क्यों नहीं दिए जा सकते। कोर्ट ने कहा कि पहले नोटिस जारी किया जाए, फिर जवाब का समय दिया जाए, कानूनी कदम उठाने के लिए समय दिया जाए, और उसके बाद ही डेमोलिशन हो।

# कोयले में छह करोड़ की अफरातफरी, सीबीआई के रायपुर, उमरिया में छापे



- मध्यप्रदेश के उमरिया तथा रायपुर में कई स्थानों पर सीबीआई की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एसईसीएल के साथ छह करोड़ 10 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के मामले में सीबीआई ने दो कारोबारी संस्थानों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामला दर्ज करने के बाद सीबीआई ने मध्यप्रदेश, उमरिया तथा रायपुर के अलग-अलग ठिकानों पर सोमवार को छापे की कार्रवाई की।

सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक एसआर समेत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सर्वेयर (तत्कालीन कोलियरी सर्वेक्षक), जामपाली ओपन कास्ट माइन (ओसीएम), रायगढ़ क्षेत्र और एक निजी कंपनी के भागीदार पर भ्रष्टाचार के आरोप में जांच की जा रही है। सीबीआई ने रायगढ़ के जामपाली ओपन कास्ट माइन (ओसीएम) के सीनियर सर्वेयर (तत्कालीन कोलियरी सर्वेक्षक) सहित दो आरोपियों के शेष पेज 4 पर

### पद का दुरुपयोग करने का आरोप

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि सीनियर सर्वेयर (तत्कालीन कोलियरी सर्वेक्षक), जामपाली ओसीएम रायगढ़ ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके एक अन्य आरोपी जिसे मृत बताया गया तथा एक निजी कंपनी के मालिक और एक अन्य निजी कंपनी के भागीदार के साथ आपराधिक साजिश रची। निर्माण कंपनी ने ओबीआर मात्रा के रिकॉर्ड में हेराफेरी की और फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर एसईसीएल को रुपए की धोखाधड़ी करने के इरादे से उक्त संयुक्त उद्यम कंपनियों को छह करोड़ 10 लाख शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति ने की महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना



**कोल्हापुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर में देवी महालक्ष्मी के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद राज्य की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हुईं। मुर्मू के कोल्हापुर पहुंचने पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उनका स्वागत किया।

### शराबी ने बस का स्टीयरिंग घुमाया; एक मृत, नौ घायल



**मुंबई।** मुंबई के लालबाग इलाके में एक अनियंत्रित 'बेस्ट' बस की चपेट में आने से घायल हुई 27 वर्षीय महिला ने एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को बस चालक से विवाद के दौरान एक शराबी व्यक्ति ने बस के स्टीयरिंग को पकड़ लिया था।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 4 की मौत, 20 घायल




**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात बटियागढ़ थाना क्षेत्र में हुई।

### मालीवाल केस में बिभव कुमार को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को स्वाति मालीवाल पर हमला मामले में जमानत देते हुए कहा कि वह सौ दिन से अधिक समय से हिरासत में हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई की।

### आबादी वाले क्षेत्र में एक और तेंदुआ पकड़ाया



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में घनी आबादी वाले इलाकों में देखा गया एक और तेंदुआ मसवासी क्षेत्र में वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। इसके पहले भी जौहर विश्वविद्यालय परिसर के पास एक तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ था।

दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में कार्रवाई

## ईडी ने अमानतुल्ला को घर से किया गिरफ्तार, सियासत गरमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने आप विधायक पर शिकंजा कसा है। प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को चार घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम सोमवार को सुबह करीब 8:15 बजे उनके घर पहुंची थी।

### जो बोया है वही काटोगे

बीजेपी प्रवक्ता प्रवीन शंकर कपूर ने अमानतुल्लाह खान पर तंज कसते हुए कहा कि जो बोया है, वही काटोगे। कपूर ने कहा कि अमानतुल्लाह खान को इस बात का ध्यान रखना चाहिए था। बीजेपी ने कहा ईडी की कार्रवाई पूरी तरह से कानूनी है।

# पंजाबी सिंगर ढिल्लों के घर पर बिश्नोई गैंग ने बरसाई गोलियां

एजेंसी ▶▶ वैनकूवर

- फेसबुक पोस्ट पर ली जिम्मेदारी, दी मौत की धमकी

मशहूर पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के कनाडा स्थित घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई है। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं आई है। सिंगर का घर कनाडा के वैनकूवर में है। घटना 1 सितंबर को हुई थी। सिंगर एपी ढिल्लों के घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के



रोहित गोदारा ने एक पोस्ट वायरल करके ली है। कुछ महीने पहले ही सुबह सुबह सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भी बाइकसवार हमलावरों ने फायरिंग की थी। तब इस घटना ने सभी को चौंका दिया था।

### औकात में रहो, नहीं तो कुत्ते की मौत मरोगे

*फेसबुक पर वायरल पोस्ट में लिखा, ' राम-राम जी सारे भाईयों को। 1 सितंबर की रात कनाडा में दो जगहों पर हमने फायरिंग की, जिसमें एक विक्टोरिया आइलैंड और वुडब्रिज टोरंटो है। इसकी जिम्मेदारी मैं रोहित गोदारा (लॉरेश बिश्नोई ग्रुप) लेता हूं। जिस अंडरवर्ल्ड लाइफ की तुम लोग कॉपी करते हो, हम एक्चुअल में जी रहे हैं वो लाइफ। अपनी औकात में रहो नहीं तो कुत्ते की मौत मरोगे।*

*फोरेंसिक टेस्ट रिपोर्ट में हुआ खुलासा*

# बच्ची के साथ नवाब ने किया रेप, एनए सैंपल हुआ मैच

एजेंसी ▶▶ कन्नौज

उत्तर प्रदेश स्थित कन्नौज रेप केस में समाजवादी पार्टी के नेता नवाब सिंह की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। इस मामले में फोरेंसिक जांच के बाद आरोपी नवाब सिंह का डीएनए सैंपल पीड़िता से मैच हो गया है जिससे बालिका के साथ रेप की पुष्टि हो गई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कन्नौज रेप में मुख्य आरोप नवाब सिंह का डीएनए सैंपल मैच हो गया है। ये फॉरेंसिक रिपोर्ट कन्नौज पुलिस को मिल गई है।



### बुआ ने गुमराह करने की कोशिश की

पूछताछ के दौरान रेप पीड़िता की बुआ ने पुलिस को बताया था कि वह नवाब सिंह को करीब 5-6 साल से जानती है। उसका नवाब सिंह के साथ फिजिकल रिलेशन होने की बात भी सामने आई।

### बुआ के जरिए बुलवाया था पीड़िता को

नवाब सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख है और डिंपल यादव का सांसद प्रतिनिधि भी रह चुका है। नवाब सिंह पर आरोप है कि उसने अपने कॉलेज परिसर में नाबालिग के साथ रेप किया। लड़की को उसकी बुआ नौकरी दिलाने के नाम पर नवाब सिंह के पास लाई थी।

## नहीं पहुंच सकी एम्बुलेंस, चारपाई को बनाना पड़ा वाटर एम्बुलेंस

*जिला प्रशासन के दावों की खुली पोल, कलेक्टर बोले जल्द होगा पुल का निर्माण*

# सिस्टम की लाचारी, फिर एक बीमार महिला को खाट पर लिटाकर उफनते नाले को पार कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर

हरिभूमि सरोकार

बीजापुर जिले में लगातार बारिश के चलते बाढ़ जैसे स्थिति है। सिस्टम की लाचारी व पुल पुलिया के अभाव के चलते बीमार महिला को ग्रामीणों द्वारा बीमार महिला को खाट पर लिटाकर उफनते नाला को पार करना पड़ा। बीमार महिला को जिस तरह नाला पार कराया गया उससे एक बार फिर बीजापुर जिला प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी है। बीजापुर में एक बार फिर से बाढ़ और तेज बहाव के बीच ग्रामीणों की लाचारी से जुड़ी शेष पेज 4 पर



### जल्द होगा पुल-पुलिया का निर्माण

जल्द ही उसूर ब्लॉक के ग्राम मारुड़बाका व आसपास के गांव जहां बारिश में एम्बुलेंस पहुंच नहीं पाता है वहां पुल पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। जिले में अधिक बारिश के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है इसलिए भी दिक्कतें आ रही है। स्थिति के सामान्य होते ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

- संबित मिश्रा, कलेक्टर बीजापुर

### गांव तक नहीं पहुंच पाई एम्बुलेंस

जोगी की लगातार बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों ने मदद के लिए 108 एंबुलेंस को कॉल किया लेकिन एंबुलेंस मरीज के घर तक नहीं पहुंच सकी। यह गांव एक बड़े नाले के किनारे बसा हुआ है और आवाजाही के लिए अब तक कोई भी पुल निर्माण नहीं किया गया है जिसकी वजह से गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई और नाले के दूसरी ओर मरीज के इंतजार में एम्बुलेंस खड़ी रही। वहीं महिला की हालत देख परिजन और परेशान हो गए इस बीच पीड़िता के पति कोसा कुडियाम अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए गांव के युवकों से मदद की गुहार शेष पेज 4 पर



# भारत-फ्रांस नौसेनाओं के वरुण युद्धाभ्यास का आगाज पी-8 आई विमान पहली बार यूरोप में हुआ तैनात

## युद्धाभ्यास के 22वें संस्करण का होगा 4 सितंबर को समापन

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों से उत्पन्न जटिल परिस्थितियों के मध्य भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच भूमध्य सागर में द्विपक्षीय युद्धाभ्यास 'वरुण-2024' की शुरुआत हो गई है। इसमें भारतीय नौसेना का लंबी दूरी का समुद्री निगरानी विमान पी8आई भाग ले रहा है। जो सोमवार को फ्रांस के 125 इस्ट्रेल-ले-ट्यूब वायु सैन्य अड्डे पर उतरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यह पहला ऐसा मौका है जब नौसेना के पी8आई विमान ने अपनी रणनीतिक तैनाती के दौरान यूरोप की धरती को छुआ है। नौसेना के प्रवक्ता के अनुसार वरुण युद्धाभ्यास 2 से 4 सितंबर तक चलेगा। इसमें दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच भूमध्य सागर में समन्वय और अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देने के लिए उन्नत सामरिक अभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष दोनों नौसेनाओं के बीच वरुण युद्धाभ्यास का 22 संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले इसका 23 वां संस्करण पिछले साल भारत के अरब सागर में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि पी8आई की यह तैनाती नौसेना के एलीज विमान द्वारा हायरेस हवाईअड्डे पर उड़ान भरने के 63 साल बाद की गई है। जो आईएनएस विक्रांत द्वारा संचालित होता था। वरुण युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए नौसेना का एक जंगी युद्धपोत आईएनएस तबर पहले ही टूलॉन पहुंच गया है। मालूम हो कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 1993 में हुई थी। जिसे 2001 में वरुण नाम दे दिया गया था।



### समुद्री सुरक्षा व स्वतंत्रता के लिए साझी प्रतिबद्धता

रक्षा मंत्रालय के द्वारा जारी सूचना के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में इसका दायरा बढ़ता ही जा रहा है, यह अभ्यास एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं से सीखने का अवसर प्रदान करता है। यह अभ्यास समुद्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा तथा दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन-स्तर की बातचीत की सुविधा भी प्रदान करेगा जो वैश्विक समुद्री कॉमन्स की सुरक्षा व स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए साझी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### अदाणी की याचिका पर हिमाचल सरकार को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है।



कंपनी ने अपनी याचिका में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जल विद्युत परियोजना से संबंधित 280 करोड़ रुपये का प्रीमियम वापस करने के एकल पीठ के फैसले को पलट दिया था। अदाणी पावर लिमिटेड ने किन्नौर जिले में 969 मेगावाट की जंगी थोपन विद्युत प्रोजेक्ट के संबंध में हिमाचल सरकार से 280 करोड़ रुपये की वापसी की मांग की हैं।

### मध्य प्रदेश : सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली 9 दवाओं के सैंपल फेल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी हॉस्पिटल में मिलने वाली 9 दवाएं लैब टेस्टिंग में मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। इसको लेकर सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने शिकायत की है। इन मेडिसिन का इस्तेमाल ऑपरेशन और आईसीयू जैसी गंभीर परिस्थितियों में किया जाता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सक महासंघ ने सीएम को पत्र लिखा है और दोषियों के खिलाफ उम्रकैद की मांग की है।

### धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने जीता पहला राज्य चुनाव


**बर्लिन।** जर्मनी में एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश में पहली बार एक पूर्वी राज्य के चुनाव में जीत दर्ज की है और एक अन्य राज्य के चुनाव में उसके मुख्यधारा की कंजरवेटिव पार्टी के बाद दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है।
सरकारी टेलीविजन चैनल 'एआरडी' और 'जेडडीएफ' ने चुनाव पूर्व सर्वेक्षण और आंशिक गणना के आधार पर अनुमान जताया कि धुर दक्षिणपंथी 'ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी)' थुरिंगिया में 32-33 प्रतिशत वोट जीत रही है, जो मुख्य राष्ट्रीय विपक्षी पार्टी मध्यमार्गी-दक्षिपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) से 24 फीसदी अधिक है।

## हरियाणा चुनाव को लेकर सीईसी की बड़ी बैठक, 49 सीटों पर मंथन

# कांग्रेस के 34 सीटों पर उम्मीदवार तय सीईसी की बैठक में लगाई गई मुहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में 90 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सोमवार को कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक सीईसी की मीटिंग में करीब 49 सीटों पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि 34 सीटों पर फाइनल बातचीत हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस पार्टी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतार सकती है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान होडल सीट से उम्मीदवार हो सकते हैं। उम्मीदवारों के चयन में इस बात पर फोकस किया गया कि कैंडिडेट की जीत की संभावना कितनी है, इसी के आधार पर नामों पर फैसला लिया गया है क्योंकि सबसे अहम फैक्टर यही है। इसके अलावा कई बार विधायक रह चुके विधायकों के प्रदर्शन पर भी नजर रखी जा रही है।



दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ-साथ पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सीईसी के अन्य सदस्य शामिल हुए थे। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि मीटिंग के दौरान 49 सीटों पर चर्चा हुई है, इसमें 34 उम्मीदवारों के नाम क्लियर हो गए हैं। इसमें 22 सिटिंग विधायकों को टिकट मिलने पर मुहर लग गई है। इसके साथ ही 15 उम्मीदवारों के नाम होल्ड पर रखे गए हैं, जिन पर रिव्यू कमेटी चर्चा करेगी। दीपक बाबरिया ने कहा कि कल भी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। हम सभी उम्मीदवारों के नाम परसों तक जारी कर देंगे।

### विनेश फोगाट के नाम पर चर्चा नहीं हुई

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में सीईसी की बैठक के बाद कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा कि जब तक पार्टी अध्यक्ष हस्ताक्षर नहीं करेंगे, तब तक कुछ भी अंतिम नहीं होगा। 49 सीटों पर चर्चा हुई, इनमें हुड्डा एक बड़े नेता हैं और वे अपनी पुरानी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। इस दौरान उन्होंने विनेश फोगाट के चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि इस बारे में विनेश बताएंगी कि वे चुनाव लड़ना चाहती हैं या नहीं। हालांकि उनके नाम पर चर्चा नहीं हुई है।

### नौशेरा से रविंद्र रैना, लाल चौक से ऐजाज हुसैन लड़ेंगे चुनाव

#### भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की एक और लिस्ट

भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की एक और लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में जम्मू-कश्मीर बीजेपी के अध्यक्ष रविंद्र रैना का नाम है। वह नौशेरा से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी की चौथी लिस्ट के अनुसार, लाल चौक से इंजीनियर ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ राजा, खान साहिब से डॉ. अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ से जाहिद हुसैन और राजौरी से विबोध गुप्ता चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने जारी की छह उम्मीदवारों की लिस्ट- इससे पहले आज जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने छह उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की।यह कांग्रेस पार्टी की दूसरी लिस्ट है। इस लिस्ट में जेकेपीसीसी प्रमुख तारिक हमीद कर्रा को सेंट्रल शालटेंग सीट से मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस की इस लिस्ट में रियासी से मुमताज खान, माता वैष्णो देवी से भूपेन्द्र जामवाल, राजौरी (एसटी) से इफ्तिखार अहमद, थन्नामंडी (एसटी) से शब्बीर अहमद खान और सुरनकोट (एसटी) से मोहम्मद शाहनवाज चौधरी को मैदान में उतारा है।



## कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लगाया आरोप

# सेबी चीफ माधवी ने आईसीआईसीआई बैंक सहित 3 जगह से लिया लाभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बोर्ड में रहते हुए आईसीआईसीआई से ली ₹16.80 करोड़ सैलरी

कांग्रेस ने सेबी की चेयरमैन माधवी बुच पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर माधवी पर सेबी से जुड़े होने के दौरान आईसीआईसीआई बैंक समेत 3 जगहों से सैलरी लेने का आरोप लगाया। खेड़ा ने कहा- बुच 5 अप्रैल, 2017 से 4 अक्टूबर, 2021 तक सेबी में पूर्णकालिक सदस्य थीं। 2 मार्च, 2022 को माधबी पुरी बुच सेबी की चेयरपर्सन बनीं। सेबी की चेयरपर्सन को नियुक्त करने वाली कैबिनेट में पीएम मोदी और अमित शाह शामिल हैं। माधवी पुरी बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए रेगुलर इनकम आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं, जो कि 16.80 करोड़ रुपए था। वे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, ईएसओपी और ईएसओपी का टीडीएस भी आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं।



### माधवी से पूछे सवाल

- कांग्रेस प्रवक्ता ने सेबी से पूछा क्या ऐसी और भी कंपनियां हैं जिससे आप और आपके परिवार के और भी सदस्य ऐसा या इससे मिलता जुलता लाभ उठा रहे हैं? ■माधवी पुरी बुच से पूछा कि ऐसी और कौन-कौन सी कंपनियां हैं जिन पर आप जजमेंट दे रही हैं और उन कंपनियों से आप या आपके नजदीकी परिवार के सदस्य लाभ उठा रहे हैं, उन कंपनियों से कोई लाभ उठा रहे हैं तो आप खुद बता दीजिए। देश को जानने का हक है।

### आईसीआईसीआई बैंक से भी पूछे सवाल

- क्या आईसीआईसीआई ने किसी भी समय सरकार में इस बात की घोषणा की है कि वो सेबी की मेंबर को यह तनख्वाह दे रहे हैं? ■आईसीआईसीआई सेबी की चेयरमैन को तनख्वाह आखिर दे क्यों रहा है, उसके बदले में वो क्या ले रहा है लाभ क्यों दिए?

# मोदी ने ली पहली सदस्यता, बोले- पहले कार्यकर्ता जेल में रहते थे या बेल पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने ने सोमवार को 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' लॉन्च किया। इस मौके पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली। पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया।

### जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं

पीएम ने आगे कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को लेकर कहा जाता था कि इनका एक पैर रेल में रहता है और दूसरा जेल में। रेल में क्योंकि कार्यकर्ता लगातार भ्रमण किया करते थे। और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में डाल देते थे। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं।

### कोलंबो सम्मेलन में भारत के साथ खड़ा हुआ मालदीव

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में बढ़ती चुनौती का सामना करने के मालदीव भी भारत के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) सचिवालय की स्थापना के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, मालदीव, मॉरिशस और श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। हिंद महासागर में चुनौतियों से निपटने के लिए इन सभी देशों ने समझौते पर साइन किए। मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत के साथ खड़े होकर चीन को कड़ा संदेश दिया है। हालांकि बांग्लादेश में इसमें शामिल नहीं हुआ। बांग्लादेश में सियासी उथल-पुथल के बाद अंतरिम सरकार बनी है। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरिशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल हुए।

### शंभू सीमा : शिकायतों के निवारण के लिए बनी समिति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की शिकायतों के सौहार्दपूर्ण निवारण के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को एक समिति का गठन किया। न्यायालय ने कहा कि किसानों के प्रदर्शन के मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने समिति को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर वह अपनी पहली बैठक बुलाए। उसने समिति से यह भी कहा कि आंदोलनकारी किसानों से संपर्क साधे और उनसे तत्काल पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा से ट्रैक्टर और ट्रॉली आदि हटाने को कहा जाए ताकि आम यात्रियों को राहत मिले।




## इंडियन इंस्टूट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू बना रहा है इसे

# एलओसी पर तैनात होंगे रोबोटिक खच्चर, माल ढोने वाले ड्रोन्स

### माइनस 20 से 45 डिग्री वाले पहाड़ी इलाकों में होगी तैनाती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन आर्मी सीमाओं पर खासतौर से पहाड़ी इलाकों पर खच्चरों की मदद से अपना सामान एक से दूसरी जगह पहुंचाती है। अब जानवरों पर निर्भरता कम करने के लिए रोबोटिक खच्चरों का सहारा लिया जाएगा। ये रोबोटिक खच्चर ही फॉर्वर्ड पोस्ट्स पर जवानों के लिए सामान लेकर जाएंगे। इसके अलावा सेना लॉजिस्टिक ड्रोन्स यानी माल ढोने वाले ड्रोन्स खरीदने पर भी विचार कर रही है। ताकि सुदूर इलाकों में आने-जाने की लागत कम हो।



### आईआईएससी बेंगलुरु कर रहा मदद

रोबोटिक खच्चर किसी भी तरह के ऊंचे-नीचे रास्तों पर चल सकते हैं। 70 से 80 किलोग्राम वजन उठा सकते हैं। बड़े रोबोट्स लिए गए तो उनकी क्षमता ज्यादा होगी। फिलहाल जिस रोबोटिक खच्चर का ट्रायल चल रहा है। वो 70-80 किलोग्राम वजन उठा लेता है। इसे इंडियन इंस्टूट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू बना रहा था।

### पूरी तरह से एडवांस रोबोटिक खच्चर

इस रोबोट के प्रोटोटाइप का इस बार गर्मियों में ट्रायल किया गया है। सेना ने पिछले साल जनवरी में 100 रोबोटिक खच्चरों की जरूरत बताई थी. इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) भी जारी किया था। प्रयास यही है कि ये रोबोटिक खच्चर किसी स्वदेशी कंपनी से लिए जाएं। सेना की मांग है कि रोबोटिक खच्चर ऐसे हों, जो किसी भी तरह के टरेन में चल सकें, जिनमें सेल्फ रिकवरी क्षमता हो। यानी गिरने पर उठकर वापस अपने रस्ते पर चल सकें। साथ ही उनमें किसी भी तरह की बाधा पार करने की ऑटोमैटिक क्षमता हो।

### हर तरह के तापमान में सक्षम

सबसे खास बात ये है कि रोबोटिक खच्चर माइनस 20 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर के तापमान पर काम कर सके। कम से कम तीन घंटे तक चलने वाली बैटरी हो।कई देशों में ऊंचाई पर जानवरों की जगह रोबोटिक खच्चरों का इस्तेमाल हो रहा है। ताकि माल ढोने में आसानी हो। सेना को उम्मीद है कि साल 2030 तक जानवरों द्वारा माल ढुलाने का काम 50 से 60 फीसदी तक कम हो जाएगा। लेकिन सीमाओं पर जरूरत रहेगी।

रायपुर

मंगलवार 3 सितंबर 2024

भद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

वर्ष : 23, अंक : 47

पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 33.4

न्यूून. 25.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





05 पर्दे पर करने वाली हैं वापसी

विचार पेज 02 ओलंपिक चैंपियन देगा खेलो इंडिया






inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366


# आश्रम छात्रावास में सिरदर्द और तेज बुखार का अटैक, छात्रा की मौत, दस भर्ती

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड

विकासखंड के कोलावल स्थित कन्या आश्रम छात्रावास की एक छात्रा की अज्ञात बीमारी से मौत हो गई, वहीं 10 बच्चे बीमार हैं। सभी बच्चों को जगदलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस घटना से हड़कंप मच गया है।

रविवार को दोपहर कोलावल कन्या आश्रम में अध्ययनरत 5वीं कक्षा की 11 वर्षीया छात्रा अंजना कश्यप पिता मंगल कश्यप की अचानक तबीयत बिगड़ने से उपचार के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने तेज बुखार या किसी वायरस इंफेक्शन से बच्ची की मौत होने की आशंका जाहिर की है। छात्रा को शनिवार को सिरदर्द की शिकायत होने पर उपचार के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया था। जहां सिरदर्द की दवा दी गई थी। फिलहाल मौत का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मिली ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बुखार व सिर दर्द था, आसपास के आश्रमों की जांच शुरू

### डेंगू, मलेरिया टेस्ट नेगेटिव

जिला प्रशासन की जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 10 वर्षीय छात्रा अंजना कश्यप को हाई ग्रेड फीवर की स्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलावल लाया गया था। इलाज के दौरान हाई ग्रेड फीवर के कारण संभवतः सडन कार्डियक रेस्पिरेटरी अरेस्ट से बच्ची की मृत्यु हो गई। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जानकारी मिलते ही आश्रम पहुंचे विधायक

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम कोलावल के कन्या आश्रम में हुई घटना से आहत हैं। मासूम छात्रा अंजना कश्यप के आकस्मिक निधन और अन्य छात्राओं के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बुखार और सिर दर्द से पीड़ित थे बच्चे

कोलावल बालिका आश्रम में पढ़ने वाले बच्चे दो दिन पहले से तेज बुखार व सिर में दर्द होने की शिकायत कर रहे थे। अधीक्षिका ने बच्चों को गांव के ही आयुष केंद्र में डॉ. दास से उपचार के लिए भेजा था। बच्चों को सामान्य बीमारी बताते हुए उन्हें दवा देकर वापस आश्रम भेज दिया गया। लेकिन रविवार की शाम से अचानक 8-10 बच्चे बीमार हो गए। सभी बीमार बच्चों का जगदलपुर के महारानी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

-गणेश सोरी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, बस्तर

## खबर संक्षेप

### आर्मी कैंप पर आतंकियों ने की फायरिंग



जम्मू। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से आतंकियों ने कायराना हरकत की है। जम्मू के सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर सोमवार को आतंकियों ने गोलीबारी की। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि जम्मू के सुंजवान मिलिट्री स्टेशन में आतंकवादियों ने बेस के बाहर से गोलीबारी की, जिसमें सेना का एक जवान घायल हो गया। आतंकियों का हमला सुंजवान मिलिट्री स्टेशन के सेंट्री पोस्ट एरिया के पास के इलाके में हुआ।

### कोर्ट की अवमानना पर पुलिस अधिकारी पर जुर्माना



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में शीर्ष अदालत से अग्रिम जमानत पा चुके एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने को लेकर न्यायालय की अवमानना का दोषी ठहराये गए गुजरात के एक पुलिस अधिकारी पर सोमवार को 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक न्यायिक अधिकारी द्वारा मांगी गई बिना शर्त माफी स्वीकार कर ली। मामले में उक्त न्यायिक अधिकारी को भी अवमानना का दोषी करार दिया गया था।

छग के मैदानी इलाकों में मानसून ब्रेक के हालात पर कई राज्यों में भारी बारिश का कहर

# आंध्रप्रदेश-तेलंगाना में बाढ़ ने ली 27 की जान, शिमला में 109 मार्ग बंद, वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन, दो की मौत

*छत्तीसगढ़ में भले ही मानसून ब्रेक के हालात हों लेकिन देश के कई राज्यों में भारी बारिश ने कहर बरपा रखा है। आंध्रप्रदेश -तेलंगाना में बाढ़ से 27 की जान जा चुकी है। गुजरात और राजस्थान भी बेहाल है। इधर, जम्मू में वैष्णोदेवी मार्ग पर भूस्खलन से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। कुछ घायल भी हैं।*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू हादसे के बारे में राज्य आपदा प्रबंधन टीम ने बताया कि रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को लैंडस्लाइड होने से 3 तीर्थ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें दो की मौत हो गई। अफसरों ने बताया कि दोपहर करीब 2.35 बजे पांची के पास भूस्खलन हुआ। मिट्टी गिरने से मार्ग के ऊपर बना टीन शेड गिर गया। इसकी चपेट में कई लोग आ गए। कई श्रद्धालु फंसे होने की जानकारी मिली है जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कुछ दिनों में अलग-अलग हिस्सों में हल्की बारिश होगी। इससे पहले आज, भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई जगहों पर ब्लॉक हो गया।

### पुराने मार्ग से जारी है यात्रा

अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन नए यात्रा मार्ग पर दोपहर करीब 2:35 बजे भवन से करीब 3 किलोमीटर आगे हुआ है। हालांकि, पुराने मार्ग से श्रद्धालुओं की यात्रा जारी है। हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें यात्रा मार्ग पर टूटा टीनशेड दिख रहा है। अभी घायलों की स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाई है। नए रूट पर आवाजाही रोक दी गई है।



### भूस्खलन-बाढ़ का खतरा

हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से भूस्खलन और बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। इसे देखते हुए राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग 707 समेत 109 सड़कों को बंद किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, शिमला जिले के हाटकोटी और सिरमौर के पांवटा साहिब के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 707 अवरुद्ध हुआ है। इसके अलावा सिरमौर में 55, शिमला में 23, मंडी-कांगड़ा में 10-10 और कुल्लू में 9 सड़कें बंद हैं।

### कहां-कहां है बाढ़ की चेतावनी

स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के कांगड़ा, शिमला, कुल्लू, सिरमौर, सोलन, चंबा, मंडी और किन्नौर के कुछ हिस्सों में बाढ़ का खतरा देखते हुए चेतावनी जारी की गई है। मंगलवार तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी है। बारिश की वजह से राज्य में 427 बिजली आपूर्ति योजनाएं भी बाधित हुई हैं। बारिश को देखते हुए राज्य की सरकार अलर्ट है।

### आंध्रप्रदेश व तेलंगाना में बाढ़ जैसे हालात



उधर,आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाढ़ और बारिश के चलते 2 दिनों में आंध्र और तेलंगाना में 27 लोगों की मौत हुई है। दोनों राज्यों में 140 ट्रेन कैंसिल हुई हैं। 54 से ज्यादा ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। एनडीआरएफ की 26 टीम तैनात की गई हैं। उफनती नदियों के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया है।

**17 हजार का रेस्क्यू, 2.76 लाख प्रभावित**

आंध्र प्रदेश में 1998 के बाद ऐसी बाढ़ आई है। 17 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। विजयवाड़ा में 2.76 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुछ इलाकों में 10 फीट तक पानी भरा है।

# 8 एक्सप्रेस गाड़ियां 17 से रहेंगी रद्द

हरिभूमि ▶▶ बिलासपुर

जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले सतना रेलवे स्टेशन में इंटरलाकिंग कार्य होने के कारण 8 एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। 17 से 26 सितंबर तक अलग-अलग तिथियों में गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है। इनमें रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस, रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, जबलपुर-चांदा फोर्ड एक्सप्रेस सहित अन्य गाड़ियां शामिल हैं।

■ निर्माण कार्य के कारण लिया गया निर्णय

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन व गति में तेजी लाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा समय-समय निर्माण कार्य कराया जाता है, जिससे यात्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह गाड़ियां रहेगी रद्द

17 से 26 सितंबर तक अलग-अलग तिथियों में ट्रेनों को रद्द किया जाएगा, जिसमें 18, 20, 23 एवं 25 सितंबर को रीवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19, 21, 24 एवं 26 को चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19, 22, 24 एवं 26 सितंबर को रीवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11753 रीवा-इतवारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दो एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से चलने वाली दो ट्रेनों को सोमवार को रद्द कर दिया गया है। उत्कल एक्सप्रेस, दुरंतो और साउथ बिहार एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से विलंब से पहुंचीं। बिलासपुर से रीवा जाने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। वहीं साउथ सेंटर के वारंगल-विजयवाड़ा सेक्शन में हुई भारी बारिश के कारण गाड़ी संख्या 22815 बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस पिछले दो दिनों से रद्द है।

मंत्रिमंडल की बैठक में सात बड़े कार्यक्रमों की घोषणा

# महज 20 मिनट में किसानों को अब मिल जाएगा कर्ज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़े कार्यक्रमों के लिए करीब 14,000 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी। इसमें डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए योजना भी शामिल है। इस बात का भी जिक्र किया गया है कि किसानों को अब कर्ज के लिए ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और 20 मिनट में ही उन्हें यह मुहैया करा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

### इन बिंदुओं पर दिया गया ध्यान

सरकार ने छह बिंदु अनुसंधान और शिक्षा, पादप आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, खाद्य और चारा फसल के लिए आनुवंशिक सुधार, दलहन एवं तिलहन फसल सुधार, वाणिज्यिक फसलों में सुधार और कीटों, सूक्ष्म जीवों एवं परागण तत्वों से जुड़े शोध से संबंधित हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्रों पर खर्च होंगे 1,200 करोड़

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि देश के कृषि विज्ञान केंद्रों को भी मजबूत किया जाएगा। इसके लिए 1,202 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई है। इसी तरह प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन से संबंधित योजना पर कुल 1,115 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंजूर की गई सभी 7 योजनाओं के लिए कुल 13,960 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। इससे देश का कृषि क्षेत्र और मजबूत हो सकेगा।

## संदीप घोष गिरफ्तार

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को गिरफ्तार कर लिया है। संदीप घोष की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के मामले में की गई है। सीबीआई ने यह कार्रवाई 15 दिनों से अधिक की पूछताछ के बाद की है। संदीप घोष को सीजीओ कॉम्प्लेक्स से कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय ले जाया गया। गौरतलब है कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप व हत्या मामले में भी उनसे पूछताछ की जा रही थी।

# चुनावी लाभ के लिए न हो जातिगत जनगणना का इस्तेमाल: आरएसएस

एजेंसी ▶▶ पलक्कड़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने केरल में आयोजित अखिल भारतीय समन्वय बैठक में जातिगत जनगणना का समर्थन किया। हालांकि, इसको लेकर कुछ जरूरी शर्त भी रखी। आरएसएस के मुख्य प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार को आंकड़े के उद्देश्य से इसे (जातिगत जनगणना) करवाना चाहिए। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### बैठक में हुई इस मुद्दे पर चर्चा

आंबेकर ने बताया कि हाल में जातिगत जनगणना को लेकर जो चर्चा फिर से शुरू हुई है, उसको लेकर बैठक में हमारा मानना है कि इसका इस्तेमाल समाज की समग्र प्रगति के लिए किया जाना चाहिए।

# बाड़मेर में मिग-29 में लगी आग, पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** राजस्थान के बाड़मेर में वायुसेना का मिग 29 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार एक जोरदार धमाके के साथ प्लेन में आग लग गई। गनीमत यह रही कि हादसे में पायलट सुरक्षित है। बाड़मेर जिला कलेक्टर ने कहा कि हादसा आबादी वाले क्षेत्र में नहीं हुआ जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। हादसा स्थल सैन्य अधिकारियों सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

सूचना मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स को आज किया तलब


# अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज पर अब बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज आईसी 814 में आतंकवादियों का नाम भोला और शंकर रखने पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ़्लिक्स के कंटेंट हेड मोनिका शेरगिल को तलब किया है। आज मंगलवार को शेरगिल को उपस्थित होने को कहा गया है।

वेब सीरीज पर आपत्ति दर्ज करते हुए भाजपा सोशल मीडिया हेड अमित मालवीय ने लिखा है, कुछ वाम विचारधारा से जुड़े लोगों ने ये कृत्य जानबूझ कर किया है ताकि दशकों बाद जब आज के युवाओं को बताया जाए कि कंधार कांड हिंदुओं ने किया था, जबकि मुस्लिम आतंकियों ने अपने नाम बदल कर हिंदू नाम रखे थे। मालवीय ने वेब सीरीज निर्माता अनुभव सिन्हा पर सीधा हमला बोला है। उनके इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई।

पत्रकार से फिल्म निर्माता बने अविनाश दास लिखते हैं, हालांकि नाम रखने के इन मामलों में निर्देशक ने तथ्यों का सहारा लिया है। ज़ाहिर है, मौजूदा ▶▶ शेष पेज 4 पर




### विवादों में वेब सीरीज

उल्लेखनीय है 1999 में हुई कंधार विमान अपहरण कांड जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के समय गहरा राजनीतिक इंपैक्ट छोड़ेगा, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। गत 29 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर लॉन्च होते ही ये वेबसीरीज विवादों में घिर गई है। इस विमान का अपहरण करने वाले जैश ए मोहम्मद के मुखिया रहे मसूद अजहर का भाई इब्राहिम अतहर, सन्नी अहमद, जहूर मिस्त्री और शाकिर थे जिन्होंने नाम बदलकर भोला, शंकर, डॉक्टर,बर्गर और चीफ जैसे कोड नाम रखे थे।





## चिंतन

# सात नए फैसलों से कृषि में होगा बुनियादी सुधार

एक तरफ देश में विपक्ष की ओर से किसानों के मुद्दों पर राजनीति हो रही है, दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगभग 14,000 करोड़ रुपये के खर्च वाले सात बड़े कार्यक्रमों को मंजूरी दी है। अभी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का मौसम है, आगे महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीतिक हल्कों में माना जा रहा है कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए किसान आंदोलन के बाद से हरियाणा, पंजाब, वेस्ट यूपी आदि क्षेत्रों के किसानों का एक वर्ग सरकार से नाराज है, इसका असर लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला तब हरियाणा में भाजपा सभी दस सीटों पर जीत नहीं दोहरा सकी, पांच पर ही संतोष करना पड़ा। तीनों कृषि कानूनों की वापसी व एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) कानून बनाने के आश्वासन पर किसानों ने आंदोलन समाप्त किया था। हालांकि सरकार ने अभी तक एमएसपी कानून नहीं बनाया है, इस कारण कुछेक किसान नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़े कार्यक्रमों का ऐलान करना, खेती-किसानी के क्षेत्र को और मजबूत करेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार अपने शुरूआती कार्यकाल से ही किसानों की भलाई व कृषि क्षेत्र की कायापलट पर फोकस करती रही है। डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान योजना नए तरह के कार्यक्रम हैं। सभी सात कार्यक्रमों का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलाव से तालमेल बैठाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा। दरअसल, जलवायु परिवर्तन के कृषि पर हो रहे प्रभाव से निपटने की तैयारी जरूरी है, सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना शुरू किया है, पर फसल विज्ञान योजना से जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा मिलेगा। देश में बेशक गेहूं व चावल के बफर स्टॉक हैं, लेकिन दलहन व तिलहन उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। कृषि क्षेत्र के नए कार्यक्रम में डिजिटल बुनियादी अवसंरचना, एआई, बिग डेटा, रिमोट जैसी नवीनतम प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। प्राकृतिक खेती पर भी फोकस बढ़ेगा। हालांकि कृषि क्षेत्र व किसानों की मौजूदा हालत सुखद नहीं है। बीज बुवाई से लेकर फसल विपणन तक पग-पग पर चुनौतियां हैं। विभिन्न राज्यों में पैदावार में अंतर है। हरित क्रांति का लाभ समूचे देश में समान रूप से नहीं हुआ। कृषि बुनियादी ढांचे के समुचित विकास का अभाव है, विभिन्न कृषि क्षेत्रों में सिंचाई, सड़क, बिजली, भंडारण, शीतगृह, विपणन केंद्र, मंडियां जैसी आम जरूरतों की पूर्ति में भारी असमानता है। जोत छोटी होती गई है, भूमि की उत्पादकता घटती गई है व कृषि लागत बढ़ती गई है, कृषि क्षेत्र में अकुशल मानव संसाधन की समस्या है। फसलों की कीमतों में घोर अनियमितता है। खेत से खलिहान, बाजार होते हुए उपभोक्ता तक आपूर्ति प्रणाली में अनेक लूपहोल्स हैं। एमएसपी की सीमाएं हैं, अनेक राज्यों में है ही नहीं। भारत का कृषि-खाद्य क्षेत्र एक ऐसे मोड़ पर है, जहां से इसे आगे ले जाना होगा। अभी तक भूमि सुधार, बाजार सुधार, तकनीकी सुधार, संस्थागत सुधार हुए हैं, पर कृषि क्षेत्र में निरंतर सुधार आवश्यक है। नए फैसलों से भारतीय कृषि और उन्नत बन सकेगी।

## सारा संसार



एकम्बरेश्वर मंदिर तमिलनाडु के कांचीपुरम में भगवान शिव को समर्पित बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण पल्लव वंश के शासकों द्वारा करवाया गया था। यह मंदिर पृथ्वी लिंगम की पूजा के लिए जाना जाता है। लोग इस मंदिर में आने के बाद 108 दिए जलाते हैं।

## परामर्श

डॉ. आर. पी. पाराशर



# भादों में चिरायता का सेवन बचाएगा डेंगू जैसे रोगों से

आयुर्वेद मतानुसार भादों मास में चिरायता का सेवन करना चाहिए। चिरायता में एंटीवायरल गुण होते हैं और यदि महीना भर चिरायता का सेवन किया जाए तो डेंगू व अन्य वायरस रक्त में पहुंचने के बावजूद शरीर में संक्रमण उत्पन्न नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा वर्षा ऋतु में पित्त दोष का संचय होता है और शरद ऋतु (वर्षा ऋतु के बाद के दो महीने) में पित्त दोष का प्रकोप शुरू हो जाता है। चिरायता विरेचन ( दस्त लगने) का कार्य बहुत अच्छी तरह से करता है और पित्त दोष से शरीर की शुद्धि विरेचन द्वारा ही की जाती है, इसलिए भादों मास में चिरायता के सेवन से शरीर में पित्तजन्य विकार भी नहीं होंगे। इसके अलावा चिरायता सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है, कब्ज़ से राहत मिलती है, लिवर को डिटॉक्सिफाई करने में मदद मिलती है। चिरायता में मौजूद गुण पीलिया, खांसी, जुकाम, बुखार, जैसी समस्याओं को भी दूर रखते हैं। चिरायता से इम्यूनिटी भी बढ़ती है। लगातार बारिश होने से डेंगू संक्रमण के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इसके अलावा दोहरे संक्रमण के रोगी भी खूब आ रहे हैं जिनमें जांच के बाद डेंगू के साथ कोई अन्य वायरल (जैसे हैपेटाइटिस) या बैक्टीरिया (टायफाइड) संक्रमण भी मिल रहा है। ऐसे मरीजों के इलाज में आयुर्वेदिक दवाएं कारगर हैं, जिनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। बुखार के सभी रोगी पहले दिन से ही संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, महासुदर्शन चूर्ण, कालमेघ, भुंई आंवला, पपीते के पत्तों का रस, गिलोय का काढ़ा और हारसिंगार के पत्तों के काढ़े का प्रयोग करें, ताकि डेंगू व अन्य कोई भी संक्रमण गंभीर स्थिति में न पहुंचे। बुखार आने पर पहले दिन से ही इन दवाओं का प्रयोग करने से डेंगू के मरीजों में न तो प्लेटलेट्स की संख्या ज्यादा घटेगी और न ही शरीर में ब्लीडिंग होगी। ये दवाएं हर तरह के बुखार में लाभकारी हैं और अगर डेंगू के साथ कोई अन्य बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण भी हो तो इन दवाओं के प्रयोग से संक्रमण काबू आ जाएगा। बुखार डेंगू के बजाय किसी और संक्रमण के कारण हो तो उसमें भी ये दवाएं फायदा ही करेंगी। संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, कुटकी, महासुदर्शन चूर्ण, पपीते के पत्तों का रस, भुंई आंवला, गिलोय, कालमेघ आदि दवाएं टेबलेट, कैप्सूल और सिरप के रूप में बाजार में उपलब्ध हैं, जबकि हरसिंगार के पत्तों का काढ़ा घर पर आसानी से बनाया जा सकता है। काढ़ा बनाने के लिए हारसिंगार के 20 से 25 पत्ते आधा लीटर पानी में उबालें और पानी आधा रह जाने पर छानकर रख लें। यह काढ़ा बीस मिलीलीटर (चार चम्मच ) की मात्रा में हर 2 घंटे के बाद रोगी को पिलाएं। काढ़े में हारसिंगार के पत्तों के साथ काली मिर्च, तुलसी और गिलोय को भी मिला सकते हैं। ये दवाएं संक्रमण को खत्म करने के साथ-साथ शरीर की इम्युनिटी को भी बढ़ाती हैं। साथ ही शरीर में किसी भी तरह की हानि नहीं पहुंचाती। इसके अतिरिक्त जय मंगल रस, हिंगुलेश्वर रस, शुण्ठी चूर्ण, आरोग्यवर्धिनी वटी, अमृतारिष्ट, सुदर्शन चूर्ण, कुटकी, नवायस लौह, गुडूची सत्व आदि दवाएं भी डेंगू के इलाज में प्रभावी हैं। डेंगू की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर इन दवाओं का प्रयोग करें तो भी एक से दो दिन में प्लेटलेट्स की संख्या बढ़नी शुरू हो जाती है और शरीर में आंतरिक रक्तस्राव की संभावना भी समाप्त हो जाती है।

(लेखक दिल्ली नगर निगम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ओलंपिक चैंपियन देगा खेलो इंडिया



उपलब्धि

डॉ. मनसुख मांडविया

पेरिस ओलंपिक 2024 में टीम इंडिया की उपलब्धियां भारतीय दल के समग्र बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती हैं। 6 पदकों के अलावा, हमारे 8 एथलीट चौथे स्थान पर रहे। उनमें से पांच का यह पहला ओलंपिक प्रदर्शन रहा। खेलो इंडिया ने इस संबंध में जो नींव रखी है, उससे काफी आशाएं बंधी हैं। जैसे-जैसे ये एथलीट परिपक्व होते हैं और ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं, हमें उम्मीद बंधती है कि खेलो इंडिया के कई और एथलीट ओलंपिक में परचम लहराएंगे। यह कार्यक्रम, युवा एथलीटों के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने तक का मार्ग तैयार कर भारत के खेल भविष्य के लिए उपलब्धि साबित हुआ है। यह भविष्य के ओलंपिक चैंपियन तैयार कर रहा है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में टीम इंडिया की उपलब्धियां भारतीय दल के समग्र बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती हैं। 6 पदकों के अलावा, हमारे 8 एथलीट चौथे स्थान पर रहे और वे पोडियम फिनिश से बस थोड़े से अंतर से चूक गए। उनमें से पांच का यह पहला ओलंपिक प्रदर्शन रहा। 15 एथलीट अपनी प्रतिस्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और यह भारत के लिए भी पहली बार ही हुआ। पेरिस ओलंपिक में एक नए और उत्साही भारत का चेहरा दिखा। 117 सदस्यीय भारतीय दल में 28 खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) शामिल थे। भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और पिस्टल शूटर पदक विजेता सरबजोत सिंह सहित 2700 से अधिक एथलीट खेलो इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में कई पदक जीते हैं और वह 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के पहले संस्करण का भी हिस्सा थीं। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसका श्रेय काफी हद तक महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया कार्यक्रम को जाता है। 2018 में शुरू की गई यह पहल भारतीय खेलों के लिए परिवर्तनकारी साबित हुई।

संभवतः खेलो इंडिया का सबसे महत्वपूर्ण असर यह हुआ है कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह एक फीडर सिस्टम के तौर पर नजर आया है। कम उम्र में ही प्रतिभाओं की पहचान करके और उन्हें लगातार सहायता प्रदान करके, कार्यक्रम ऐसे एथलीटों की एक श्रृंखला तैयार कर रहा है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। इसके परिणाम पहले से ही दिखने लगे हैं, कई खेलो इंडिया एथलीट ओलंपिक सहित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का समग्र दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि भारत के भावी ओलंपियन पूरी तरह तैयार ऐसे एथलीट हों जो खेलों के दबाव को सहने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हों।

इस कार्यक्रम में न केवल एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है, बल्कि प्रत्येक एथलीट को 6.28 लाख रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति के साथ आहार, पोषण, उपकरण और शिक्षा के लिए वित्त पोषण भी दिया जाता है। वास्तव में, हमारे पास पेरिस पैरालिंपिक के 84 पैरा-एथलीटों के दल में से 25 खेलो इंडिया एथलीट भी हैं। खेलो इंडिया गेम्स ने इस योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2018 से अब तक कुल 15 खेलो इंडिया गेम्स आयोजित किए गए हैं जिसमें 6 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 4 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 4 खेलो इंडिया विंटर गेम्स और 1 खेलो इंडिया पैरा गेम्स शामिल हैं। इन खेलों से, हमने अभी तक 1000 से अधिक प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान की है।

इसके अलावा, हम जमीनी स्तर के एथलीटों को भविष्य के चैंपियन बनाने के लिए हर संभव बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं। इसके लिए कुल 302 मान्यता प्राप्त अकादमियां, 1000 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र, 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस कार्यक्रम की शुरूआत से ही, सरकार ने इसमें लगभग 3,616 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो खेलों के विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 747 जिलों में 1059 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किए गए हैं। ये केंद्र स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकास का मौका देने का काम करते हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी संभावित चैंपियन पीछे छूट न जाए, चाहे उनकी भौगोलिक स्थिति या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इन केंद्रों के जरिये अवकाश ले चुके चैंपियन एथलीटों को आजीविका का एक स्थायी स्रोत भी मुहैया कराया जाता है।

इसके अलावा, कार्यक्रम के अंतर्गत 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन केंद्रों में विशिष्ट खेलों में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है, ताकि एथलीटों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और कोचिंग मिल सके और वे अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। इन उत्कृष्टता केंद्रों में विशिष्ट खेलों के अभ्यास के दौरान खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहायता भी प्रदान की जाती है। यह केंद्र खेल उपकरण, उच्च प्रदर्शन प्रबंधकों, प्रशिक्षकों आदि के मामले में कमी को भी पूरा करता है।

खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (केआईआरआईटी) कार्यक्रम जमीनी स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। केआईआरआईटी का उद्देश्य पूरे भारत में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं की तलाश करना और लोगों में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 9 से 18 वर्ष के बीच के स्कूली बच्चों में प्रतिभा की खोज करता है। यह कार्य आधुनिक तकनीक और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का उपयोग करते हुए एक सहज प्रतिभा पहचान प्रणाली के जरिए किया जाता है। इसका उद्देश्य एक ही मंच पर इन प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाना है।


अब तक देश भर में 93 स्थानों पर 10 खेलों में लगभग 1 लाख बच्चों का मूल्यांकन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। खेलों में महिलाओं की भागीदारी को विशेष तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए, पूरे देश में अस्मिता महिला लीग आयोजित की जा रही हैं। 2021 से अभी तक अस्मिता के चार सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 खेलों में कुल 83615 महिलाओं ने भागीदारी की है। इन लीग में भागीदारी करने वाली महिलाएं चैंपियन बनने की तुलना में कहीं अधिक उपलब्धि हासिल करती हैं। अस्मिता के ये सत्र महिला एथलीटों के लिए न सिर्फ एक सहायक वातावरण बनाते हैं, बल्कि खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं और संभावित करियर का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

खेलो इंडिया ने इस संबंध में जो नींव रखी है, उससे भविष्य को लेकर काफी आशाएं बंधी हैं। जैसे-जैसे ये युवा एथलीट परिपक्व होते हैं और ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं, हमें उम्मीद बंधती है कि खेलो इंडिया के कई और एथलीट ओलंपिक में अपना परचम लहराएंगे और समूचे विश्व में भारत का नाम ऊंचा करेंगे। यह कार्यक्रम, युवा एथलीटों के लिए शुरुआती स्तर की भागीदारी से लेकर शीर्ष प्रदर्शन करने तक का एक सुव्यवस्थित मार्ग तैयार कर भारत के खेल भविष्य के लिए उपलब्धि साबित हुआ है। यह भविष्य के ओलंपिक चैंपियन तैयार कर रहा है।

(लेखक केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित

**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित

**प्रेरणा**

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सत्य और असत्य की पहचान**

जब हम कोई गलत काम करते हैं या गलत का साथ देते हैं, तो उसका प्रभाव हम पर भी पड़ता है। एक बार श्री कृष्ण जी से कर्ण ने पूछा, मेरी मां ने जन्म देते ही मुझे त्याग दिया, द्रोणाचार्य ने मुझे शिक्षा नहीं दी, परशुराम जी ने भी मुझे श्राप दिया कि मैं अपनी विद्या भूल जाऊं। द्रौपदी के स्वयंवर में मुझे अपमानित किया गया। ऐसा होने पर अगर मैं दुर्योधन का साथ दे रहा हूं, तो इसमें गलत क्या है? कर्ण के सवालों का जवाब देते हुए, श्री कृष्णजी बोले सबके जीवन में कठिनाइयां होती है, लेकिन सत्य और असत्य की पहचान हमें विवेक से करनी चाहिए, बेशक हमारे साथ अन्याय ही क्यों न हुआ हो। हमें कभी भी गलत का साथ नहीं देना चाहिए, दुर्योधन अधर्म के रास्ते पर था, तुम्हें उसका साथ नहीं देना चाहिए था। - *संजय पाठक, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सात योजनाओं को मंजूरी



पीएम नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट में किसानों के जीवन और आजीविका में सुधार के लिए 13,966 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ सात प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी है। डिजिटल कृषि मिशन, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए फसल विज्ञान: कृषि शिक्षा व अन्य अहम योजनाएं शामिल हैं।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### कांग्रेस नेताओं से आग्रह



मेरी संवेदनाएं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोगों के साथ हैं क्योंकि वे विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं। मैं कांग्रेस नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे राहत और बचाव प्रयासों का समर्थन करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटाएं।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### विरासत खंडित कर रही



काशी के प्रतीक चिह्नों को विकास के नाम पर तोड़कर भाजपा सरकार क्या वाराणसी की विरासत को ही खंडित कर देना चाहती है। अब रोहनिया में 55 साल पहले 1968 में बने गांधी चबूतरा व भारत माता मंदिर को चौड़ीकरण के नाम पर तोड़ दिया गया।

**-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**

### पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा



शीतलदेवी, आप देश और पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा की किरण हैं। लगभग एक साल पहले, आपकी अदम्य भावना को सलाम करते हुए, मैंने आपसे हमारी सीमा से किसी भी कार को स्वीकार करने का अनुरोध किया था।

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# गाजा के बाद लेबनान में भी घर छोड़कर भाग रहे लोग



बीते 11 महीनों से गाजा में इजरायली हमले जारी हैं। अब तक 90 फीसदी गाजा की आबादी अपने घरों को छोड़कर पलायन कर चुकी है। इस बीच इजरायल के खौफ से लेबनान में भी पलायन जैसे हालात हैं। खासतौर पर इजरायल की सीमा से लगते उन इलाकों से लोग पलायन कर रहे हैं, जहां शिया मुस्लिमों की अधिक आबादी है। इसकी वजह यह है कि आतंकी संगठन हिजबुल्लाह यहीं से सक्रिय है और वह इजरायल पर कई बार मिसाइलों से हमले कर चुका है। अब इन हमलों का इजरायल की ओर से जवाब दिया जा रहा है। यही नहीं आने वाले दिनों में यह कार्रवाई और तेज हो सकती है। इस बीच बड़े पैमाने पर बेरूत के दक्षिणी इलाकों से लोग पलायन कर रहे हैं। ये लोग ऐसे इलाकों में जा रहे हैं, जहां ईसाई समुदाय की आबादी अधिक है या फिर सुन्नी मुसलमान रहते हैं। ये लोग उन इलाकों में जाकर किराये पर रहना सुरक्षित समझ रहे हैं। इन्हें डर है कि इजरायल हमले कर सकता है, जिनमें उन्हें जानमाल का नुकसान होगा। यही नहीं एक बड़ी आबादी को डर है कि इजरायल की ओर से सीधे युद्ध भी छेड़ा जा सकता है। हिजबुल्लाह कमांडर को बेरूत के अंदर घुसकर मार गिराने के बाद से इजरायल का खौफ और बढ़ा है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सीरिया पलायन कर रहे हैं।

## ऑफ बीट

# बच्चों में खाद्य एलर्जी एक दशक में दोगुनी हो गई



ब्रिटेन में खाद्य एलर्जी के शिकार लोगों की संख्या वर्ष 2008 से 2018 के बीच दोगुना से भी ज्यादा हो गई है। इंपीरियल कॉलेज लंदन के एक नये अध्ययन से यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्री-स्कूल बच्चों में खाद्य एलर्जी दर सबसे अधिक है और उनमें से चार फीसदी 'संभावित रूप से' इससे जूझ रहे हैं। उन्होंने यह भी पाया कि 'एनाफिलेक्सिस' (एक जानलेवा एलर्जी प्रतिक्रिया) के जोखिम वाले एक-तिहाई लोग शरीर में एड्रेनलिन पहुंचाने वाली 'ऑटोइंजेक्टर पेन', जैसे कि 'एपिपेन' का इस्तेमाल नहीं करते। पिछड़े इलाकों में रहने वाले लोगों के गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के दौरान शरीर में जीवनरक्षक दवा पहुंचाने वाले इस उपकरण का इस्तेमाल करने की दर बेहद कम है। खाद्य एलर्जी के शिकार लोगों की वास्तविक संख्या का पता लगाना मुश्किल रहा है और बच्चों में इसकी दर एक फीसदी से लेकर नौ फीसदी से ज्यादा होने का अनुमान है। यह इसलिए क्योंकि खाद्य एलर्जी से पीड़ित लोगों की संख्या आंकने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है, जिनमें 'एड्रेनलिन पेन' के प्रयोग का चिकित्सकीय परामर्श, लोगों द्वारा एलर्जी का शिकार होने की जानकारी दिया जाना और पीड़ितों की पहचान के लिए शरीर में एंटीबॉडी का पता लगाने वाली रक्त जांच करना शामिल है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## प्रदर्शन : 5 पिकअप व 50 मोटरसायकिल से राजिम पहुंचे प्रदर्शनकारी

# शिवलिंग चोरी पर एसडीएम कार्यालय का घेराव व राजिम-महासमुंद हाईवे पर किया चक्काजाम



हाइवे पर एक घंटे लगा जाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम


बोरसी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को 5 पिकअप और 50 मोटरसायकल में राजिम पहुंचकर न केवल तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया बल्कि राजिम-महासमुंद हाइवे में चक्काजाम भी किया। 1 घंटे से ऊपर प्रदर्शनकारी जमकर नारे बाजी करते रहे। ये घेराव व चक्काजाम शिव लिंग को गायब और अवैध कब्जे को तोड़ने को लेकर था। इस दौरान घेराव करने वालों ने माहोल को गर्म कर दिया। लगातार तहसीलदार, एसडीएम और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। एसडीएम के ऊपर आरोप लगाया गया है कि वे 19 अगस्त को कार्रवाई करने की बात कही थी लेकिन ऐसा नहीं किया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था कि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो 2 सितंबर को एसडीएम ऑफिस का घेराव करेंगे। 2 सितंबर के पहले प्रशासनिक अफसरों ने इस मामले को सुलझाने में असफल रहे। फिर ग्रामीणो का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क गया और वे सोमवार पोला के दिन राजिम पहुंचकर उग्र प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम और प्रदर्शन के दौरान बोरसी निवासी फिंगेश्वर के जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू ग्रामीण ठाकुर साहू, महेश निर्मलकर, जगत साहू, वासुदेव निषाद सहित 250-300 सौ लोग मौजूद थे।

### एसडीएम ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

प्रदर्शनकारियो ने एसडीएम को पुनः ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की। इस पर एसडीएम महराणा ने तीन दिवस के भीतर विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद चक्काजाम समाप्त कर ग्रामीण वापस चले गए। बता दें कि चक्काजाम के दौरान एसडीएम महराणा, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, राजिम और फिंगेश्वर थानेदार पुलिस जवानो के साथ मौके पर मौजूद थे। एसडीएम ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि तीन दिवस के भीतर विधि सम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन उन्होने आंदोलनकारियों को दिया है।

## नगर में तेंदुए की आमद से ग्रामीणों में दहशत

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर तक पहली बार वन्य प्राणी तेदुआ की धमक से दहशत देखने को मिल रही है। पिछले एक सप्ताह से तेंदुआ मैनपुर नगर के आसपास के ग्रामों के खेत व नदी के किनारे विचरण कर रहा है



और तो और ग्राम छुईया, गोपालपुर क्षेत्र में तीन मवेशियों को अपना शिकार भी बना चुका है। हरदभाठा जंगल किनारे खेत में खेती में निंदाई कार्य कर रहे किसानों ने भी चार दिन पहले तेंदुआ को खेत के नजदीक विचरण करते देखा था और इसका बकायदा तेंदुंआ का मोबाईल कैमरे से तस्वीर लेकर सोशल मिडिया में वायरल भी किया था। रविवार रात 10 बजे के आसपास मैनपुर नगर से लगे ग्राम हरदीभाठा के नीलगिरी नर्सरी के पास तेदुंआ आने की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। वन विभाग मैनपुर द्वारा बकायदा टीम गठित कर वन विभाग के कर्मचारी तैनात किए गए हैं और ग्रामीणों को बेवजह रात के समय खेत खलियानों के तरफ नहीं जाने की समझाईश दिया जा रहा है। ग्राम हरदीभाठा निवासी एवं भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप ने बताया रविवार रात 10 बजे के आसपास हरदीभाठ, भाठीगढ़ मुख्यमार्ग नीलगिरी नर्सरी के पास कुछ लोगों ने तेंदुआ को देखा है।

## उपेक्षा का दंश झेल रहा नगर पंचायत पाण्डातराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

कहने को तो राजकीय राज मार्ग में बसे पाण्डातराई को नगर पंचायत का दर्जा मिले वर्षो बीत चुके हैं। लेकिन जहां तक सुविधाओं की दृष्टि से देखा जाए तो इस नगर पंचायत की मौजूदा स्थिति किसी गए गुजरे और उपेक्षित गांव से कम नहीं है। जिसकी तरफ न तो कभी कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्रीय औहदेदारों ने ध्यान दिया और न ही भाजपा शासन काल में नगर विकास की दिशा में कोई प्रयास किए और न ही वर्तमान में किए जा रहे हैं। हद तो यह है कि वर्षो पुरानी इस नगर पंचायत में बस स्टैण्ड तक नहीं है। आज भी राजकीय राज मार्ग में बसे इस नगर से गुजरने वाली तमाम रूटों की यात्री बसें मुख्य सड़क में खड़ी होकर सवारी उतारने और चढ़ाने का कार्य करती है। यहां तक की मजबूर और लाचार यात्री भी मार्ग के किनारे किसी दुकान के आहाते में बैठकर धूप, बारिश से बचते बचाते बसों का इंतजार करते नजर आते हैं। स्वाभाविक सी बात है कि जब नगर में यात्रियों और बसों के लिए बस स्टैण्ड व प्रतिक्षालय ही नहीं है तो पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कल्पना भी बेकार है।



इन तमाम आभावों और उपेक्षाओं के बीच बारिश के इन दिनो में रही सही कसर नगर से गुजरने वाली मुख्य सड़क पूरा कर रही है। स्थानीय बासिंदों की माने तो नगर के भीतर इसाफ बैंक से लेकर बाबा के दरगाह के आगे तक सड़क पूरी तरह से गायब हो चुकी है और सड़क में दर्जन भर से अधिक बड़े-बड़े तालनुमा गड्ढे बन चुके हैं। जिनमें लगभग घुटने तक भरा बारिश का पानी हिलोरे मार रहा है। समझा और महसूस किया जा सकता है इन गड्ढों से होकर छोटे-बड़े वाहन कैसे गुजरते होंगे और राहगीरों को कैसी परेशानियों का सामना करनी पड़ रही होगी।




## प्रताड़ना से तंग महिला की एसिड सेवन से हुई मौत

**बलौदाबाजार।** ग्राम हथबंद में ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने एसिड सेवन कर लिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने धारा 306, 34 कायम ससुराल पक्ष के लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हथबंद में मृतिका रेशमा कौशल को प्रताड़ित करने से मृतिका द्वारा एसिड सेवन कर आत्महत्या कर लेने पर दोषी आरोपीगण पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। विदित हो कि मृतिका रेशमा कौशल की शादी सन 2015 में शेखर कौशल के साथ हुई थी।

## नाबालिग से गाली-गलौज व मारपीट, आरोपी पकड़ाया

**खैरागढ़।** मोपेड को ठीक से चलाने की बात कहने पर आरोपी ने नाबालिग से गाली-गलौज कर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया 17 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे नया बस स्टैंड खैरागढ़ के पास पवन चंद्राकर द्वारा स्कूटी चलाते आया, जिसे स्कूटी ठीक से चलाने बोलने पर पवन आक्रोशित होकर प्रार्थिया को गंदी-गंदी गाली देकर हाथ झापड़ से मारपीट किया है। प्रार्थिया की लिखित रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 296, 115(2) भा.न्याय.स. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम आरोपी पवन चंद्राकर की लगातार सरगर्मी से पता तलाश कर रही थी। आरोपी घटना के बाद से पुलिस कार्रवाई से बचने अपने सकुनत से फरार होकर लगातार अलग-अलग स्थानों में लुक-छिप रहा था।



## जैकेट के शेष

### सज धज कर पहुंचे...

पहुंचे। रावणभाठा मैदान पर शाम के वक्त बैल दौड़ ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में शामिल जय-वीरू व मोटू-पतलू की जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### तीजा पोरा की खुशियां ...

तिहार कार्यक्रम के दौरान सीएम ने महतारी वंदन योजना की किस्त जारी की है। प्रदेश की 70 लाख 12 हजार महिलाओं के खाते में साय सरकार ने राशि ट्रांसफर की है। तीजा-पोरा त्योहार के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बड़े भैया ने उन्हें बड़े प्यार से अपने घर बुलाया था। रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर उन्हें अपने मायके जैसा लग रहा था। माता और बहनों के लिए मायके में उनके स्वागत के लिए सभी इंतजाम किए गए थे।
तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पहुंची हजारों माता-बहनों से प्रदेश के मुखिया भाई की तरह आत्मीय भाव से मिले। प्रदेश के मुखिया को भाई की तरह मिलता देख इन बहनों के चेहरों पर निश्छल मुस्कान खिल आई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर सपत्नीक पूरे विधि-विधान से शिव-पार्वती की पूजा की और नंदी की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी, श्रृंगार सामान व छत्तीसगढ़ी कलेवा भेंट में दिया गया।

### मुख्यमंत्री ने किया...

आकर तीजा पोरा का तिहार मनाने का एक खास अवसर हम सबको मिला है। यहां आकर ऐसा लग रहा है, जैसे हम सब अपने मायके आई हुई हैं। यहां की व्यवस्था बहुत सुंदर है। हम सब बहुत खुशकिस्मत हैं कि हम छत्तीसगढ़ में रहती हैं, जहां के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हम सब बहनों का सम्मान किया है।

### श्रृंगार और पारंपरिक...

व्यवस्था भी की गई थी। श्रृंगार महिलाओं को खासा पसंद होता है, इसका भी ध्यान बड़े भाई के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रखा और उनकी ओर से प्रदेश की अपनी इन बहनों के लिए लाख की चूड़ियां, मेहंदी, टैटू के साथ ही दीदी हटरी उपलब्ध कराई गई थी।
छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार आरू साहू ने इस मौके पर रंगारंग प्रस्तुति दी, जिस पर महिलाएं खुशी से झूम उठीं। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी, कुर्सी दौड़ और रस्सी खींच का भी आयोजन किया गया।
महिलाओं को मिले खास गिफ्ट मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तरफ से तीजा पोरा त्योहार मनाने आई महिलाओं को न सिर्फ महतारी वंदन योजना की राशि ट्रांसफर की गई है, बल्कि खास गिफ्ट भी मिले हैं। महिलाओं को लाख की चूड़ियां उपहार में दी गई हैं। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से महिलाएं आई हुई थीं।

### कोयले में छह करोड़...

खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक राज्य के एक निजी निर्माण कंपनी के भागीदार पर आरोप लगाया गया गया है कि साउथ ईस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड , बिलासपुर ने ओवर बर्डन हटाने, इसकी संबद्ध गतिविधियों के लिए हैवी अर्थ मूविंग मशीन को किराए पर लेने के काम के लिए निविदा जारी की थी। जामपाली ओसीएम रायगढ़ के प्रबंधन प्रभारी अभियंता के निर्देश के अनुसार गारलैंड ड्रेन के लिए मिट्टी का काम दो निजी निर्माण कंपनियों के संयुक्त उद्यम को सौंपा गया था।

### पद का दुरुपयोग करने...

रुपए से ज्यादा अतिरिक्त भुगतान किया गया।

### सिस्टम की लाचारी...

तस्वीर निकलकर बाहर आई है। जहां एक बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए नाले में तेज बहाव के बीच ग्रामीण चारपाई में लादकर युवाओं की मदद से रस्सी के सहारे नाला पार करते नजर आ रहे हैं। मामला जिले के उसूर ब्लाक के मारूड़बाका गांव का है। यहां जोगी पोडियामी नाम की महिला पिछले तीन दिनों से फूड पायजनिंग से पीड़ित थी। और लगातार उसकी तबियत बिगड़ने लगी थी और पति कोसा कुडियाम व परिजनों के सामने बाढ़ के बीच जोगी को अस्पताल पहुंचाने की चुनौती थी। उसे तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की आवश्यकता थी लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी और प्रशासनिक लापरवाही ने स्थिति को गंभीर बना दिया।

### गांव तक नहीं पहुंच...

लगाई। जिसके बाद युवकों ने मौके पर तत्परता दिखाते हुए उफनते नाले को पार कराने का साहसिक कदम उठाया और उन्होंने रस्सी की मदद से खाट में लादकर महिला को नाला पार कराया। नाला पार कराने के बाद पिड़िता को 108 एंबुलेंस तक पहुंचाया गया और फिर एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां महिला का इलाज जारी है।

## पेज एक के शेष

### आश्रम छात्रावास में ...

जानकारी के मुताबिक 108 एम्बुलेंस से छात्रा को सीएचसी बकावंड लाया गया। जहां से उन्हें 108 वाहन से ही जगदलपुर अस्पताल भेज दिया गया।
**सिर दर्द की शिकायत बताने पर बीएमओ ने दी थी गोली :** कोलावल कन्या आश्रम की अधीक्षिका दुलारी भास्कर ने बताया कि शनिवार को नाश्ता करने सभी बच्चे पहुंचे, मगर अंजना ने कहा कि मैं नाश्ता नहीं करूंगी अभी थोड़ा देर आराम करने दो। उसके बाद 1 बजे भोजन के लिए अंजना को उठाने गई, तब उसकी स्थिति ज्यादा सीरियस होने के कारण तुरंत अस्पताल में एडमिट करवाया गया। थोड़ी देर के बाद बच्ची का देहांत हो गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम ने कहा कि बच्ची का चेकअप किया। उसने सिरदर्द की शिकायत की। सिर दर्द की टेबलेट दी थी, स्थिति सुधरने पर वापस हॉस्टल भेज दिया था।

### डेंगू, मलेरिया टेस्ट ...

अस्पताल में बच्ची का डेंगू मलेरिया टेस्ट किया गया जो नेगेटिव पाया गया। ऐहतियात के तौर पर आसपास के अन्य लोगों व आश्रम के अन्य छात्राओं की भी जांच की गई। जिसमें सभी मलेरिया डेंगू, नेगेटिव पाए गए। जिला स्तरीय टीम से जांच कराई जा रही है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है।

### जानकारी मिलते ही आश्रम ...

बीमार हो जाने से दुखी विधायक जानकारी मिलते ही कोलावल पहुंचे। वहां उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से पूरी जानकारी ली।

### 8 एक्सप्रेस गाड़ियां ...

सुरक्षित और समय पर अपने गतंव्य तक पहुंच सकें। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले सतना रेलवे स्टेशन में नॉन इंटरलोकिंग कार्य किया जाएगा, जो 17 से 26 सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान अलग-अलग तिथियों में 8 एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही गाड़ियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आएगी।

### यह गाड़ियां रहेगी ...

एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 18, 21, 23 व 25 सितंबर को इतवारी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11754 इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 17, 19, 20, 24, 26 एवं 27 सितंबर को जबलपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22174 जबलपुर-चांदा फोर्ड एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी तरह 17, 19, 20, 24, 26 एवं 27 सितंबर को ही चांदा फोर्ड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22173 चांदा फोर्ड-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 सितंबर को संतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20827 संतरागाछी जंक्शन-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 18 सितंबर को जबलपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20828 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस को रद्द किया जाएगा।

### चुनावी लाभ के ...

उन्होंने बताया कि जातिगत प्रतिक्रियाएं समाज में एक संवेदनशील मुद्दा हैं और वे राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, इसका इस्तेमाल चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए।
**कल्याणकारी मकसद हो इसका उद्देश :** नीतिगत उद्देश्यों के लिए जातिगत जनगणना की बात करते हुए आंबेकर ने कहा कि हम हमेशा इन मुद्दों पर सोचते हैं लेकिन जाति जनगणना का इस्तेमाल चुनाव प्रचार और चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए लेकिन कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए और खासतौर से दलित समुदाय की संख्या जानने के लिए सरकार उनकी संख्या की गणना कर सकती है। बैठक का आयोजन केरल के पलक्कड़ में 31 अगस्त से 2 सितंबर तक हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय मुद्दों और मौजूदा मुद्दों पर मंथन किया गया। बता दें कि पिछले साल दिसंबर में विवाद के बीच आरएसएस ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा था कि वह जाति जनगणना के विरोध में नहीं है। हालांकि, विदर्भ के एक आरएसएस पदाधिकारी ने इसका विरोध किया था।

### अनुभव सिन्हा की...

सरकार को तथ्यों और इतिहास से कोई लेना-देना नहीं है। बहरहाल, ये लोग अगर चकबस्त की रामायण पढ़ लेंगे, तो संभव है मरहूम शायर को भी कठघरे में घसीट लें। यहां चकबस्त की रामायण का एक हिस्सा डाल रहा हूं, जिसमें वन गमन से पहले राम का अपनी मां कौशल्या से बातचीत का मंज़र है। अगर कोई शब्द न समझ में आये, तो उसके लिए रेख़्ता की साइट पर जाने की ज़हमत करें। फिर उन्होंने फेसबुक पोस्ट में चकबस्त की रामायण का एक हिस्सा भी डाला। पत्रकार राहुल पंडिता ने के ट्वीट का जवाब देते हुए वरिष्ठ पत्रकार रहे कंचन गुप्ता ने बताया है कि वे कंधार विमान अपहरण के समय तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के ऑफिस में बतौर सलाहकार पदस्थ थे। तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बृजेश मिश्रा की टीम का हिस्सा थे। इस कांड के समय चूंकि वो सिस्टम का हिस्सा थे, सो वो सब जानते हैं। अमित मालवीय के पोस्ट पर ढेरों सवाल ऐसे भी पूछे जा रहे हैं कि आखिर कंगना रनौत की फिल्म आपातकाल को क्यों केंद्र सरकार ने रोका?

# गाजा अटैक के बाद इजराइल में सबसे बड़ा प्रदर्शन बंधकों की रिहाई के लिए सड़कों पर 5 लाख लोग



नेतन्याहू से नाराज हुए उन्हीं के रक्षा मंत्री, लगाए कई आरोप

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में छह बंधकों के शव बरामद होने के बाद इजराइल में गुस्सा भड़क गया है। रविवार रात अलग-अलग शहरों में करीब 5 लाख लोगों ने प्रदर्शन किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी तेल अवीव में 3 लाख से ज्यादा और दूसरे शहरों में 2 लाख से ज्यादा लोग जुटे। हॉस्टेज एंड मिसिंग फैमिली फोरम ने सीएनएन से 7 लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का दावा किया। प्रदर्शनकारियों ने मारे गए छह बंधकों के शवों के प्रतीक के तौर पर 6 ताबूत रखे थे। इजराइल में 7 अक्टूबर के हमलों के बाद यह सबसे बड़ा प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के घर के बाहर भी विरोध जताया गया।
**इजराइली जनता बंधकों की रिहाई न होने से नाराज :** प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी सरकार पर बंधकों की रिहाई के लिए ठोस कदम नहीं उठाने का आरोप लगा रहे थे। उनका कहना था नेतन्याहू अगर जंग रोकने का समझौता कर लेते तो बंधकों को छुड़ाया जा सकता था। नेतन्याहू राजनीतिक वजहों से समझौता करना नहीं चाहते। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारी रातभर विरोध प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने कई हाईवे को जाम कर दिया।

### कब्जा करने को प्राथमिकता दे रही सरकार : रक्षा मंत्री

6 बंधकों के शव मिलने के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अपने ही सरकार के खिलाफ हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार बंधकों को मुक्त कराने की बजाए सीमा इलाके पर कब्जा करने को प्राथमिकता दे रही है। गैलेंट का इशारा मिस्र और गाजा पट्टी से लगे बफर जोन फिलाडेल्फिया कॉरिडोर की तरफ था। 3 महीने पहले इजराइली सेना ने 14 किमी लंबे इस इलाके पर कब्जा कर लिया था। गैलेंट ने कहा कि हमारे पास अब समय नहीं है। अगर हम इसी तरह काम करते रहे तो बाकी बंधकों को कभी आजाद नहीं करा पाएंगे।

# जजपा कोटे से मंत्री रहे देवेन्द्र बबली भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। नई दिल्ली

**खास बातें**

- संजय कबलाना और सुनील सांगवान ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की
- अब टोहना से भाजपा टिकट पाने की जुगत में जुटे बबली

जननायक जनता पार्टी के कोटे से हरियाणा सरकार में मंत्री रहे देवेन्द्र बबली सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गये। इसी मौके पर जजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कबलाना और पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान ने भी भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि देवेन्द्र बबली पिछले कई दिनों से कांग्रेस से टिकट पाने के लिए भागदौड़ कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने कांग्रेस का समर्थन किया था।

### भाजपा के पक्ष में चल रही है हवा

राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। हरियाणा के लोग तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए आतुर है। त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा जिस विश्वास के साथ देवेंद्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है निश्चित ही हमारी पार्टी आगामी चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ विजयी होगी। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी भाजपा में शामिल हुए तीनों नेताओं का स्वागत किया। जननायक जनता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से हरियाणा को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा के साथ मिलकर काम करने का सौभाग्य मिला है। हम सब मिलकर तीसरी बार हरियाणा में जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनाएंगे।

# 'कमला हैरिस की हुई जीत तो अमेरिकी झंडा जलाएंगे मुस्लिम'

### डोनाल्ड ट्रंप के पोस्ट ने मचाया बवाल

एजेंसी ▸▸। वाशिंगटन



अमेरिका में राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के एक पोस्ट ने अमेरिका की राजनीति में भूचाल ला दिया है। ट्रंप ने मुसलमानों से जोड़ते हुए डेमोक्रेटिक कैंडिडेट कमला हैरिस पर निशाना साधा है। ट्रंप ने इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्टर शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। ट्रंप ने जो पोस्टर साझा किया है उसमें टोपी पहने मुस्लिम आइडेंटिटी के लोग अमेरिकी झंडा जलाते दिख रहे हैं। इस पोस्टर को साझा करते हुए ट्रंप ने लिखा, 'अपने पड़ोसियों से मिलिए।...यदि अमेरिका में कमला हैरिस की जीत हुई तो आपके आसपास यही होगा।
अमेरिका के अंदर इस साल नवंबर महीने में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस आमने-सामने हैं। अमेरिका में इस समय चुनाव प्रचार चरम पर है और दोनों प्रतिद्वंदी एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं।

### श्वेतों को अपनी तरफ मिलाना चाहते हैं ट्रंप

दरअसल, अमेरिका में अप्रवासियों और मुसलमानों को डेमोक्रेटिक मतदाता के तौर पर देखा जाता है। इस बार आए पोल में भी इसी तरफ इशारा किया गया है कि बड़ी संख्या में मुसलमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को वोट करेंगे। ऐसे में ट्रंप के इस पोस्ट को श्वेतों की बड़ी आबादी को अपनी तरफ लामबंद करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।
**कमला हैरिस की सुंदरता पर भी बोल चुके हैं ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप अक्सर अपने बयानों को लेकर विवाद में बने रहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कमला हैरिस की मूल पहचान और शारीरिक बनावट को लेकर भी कमेंट कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि वे कमला हैरिस से अधिक सुंदर हैं। ट्रंप ने कहा कि वह हैरिस पर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हैं क्योंकि उनके मन में हैरिस को लेकर सम्मान नहीं है। दूसरी तरफ कमला हैरिस ट्रंप की नीतियों और उनपर चल रहे मुकदमों को लेकर निशाना साधती हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

**मंत्री बोले- जो हमारे हित में नहीं उस पर करेंगे विचार**

# यूनुस सरकार मांग सकती है हसीना का प्रत्यर्पण

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

- भारत-बांग्लादेश में हुए समझौते को भी किया जा सकता है रद्द

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि ढाका, नई दिल्ली के साथ हुए समझौता ज्ञापनों (एमओयूज) की समीक्षा कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को ये लगता है कि शेख हसीना सरकार के दौरान भारत के साथ किए गए समझौते बांग्लादेश के लिए फायदेमंद नहीं हैं तो इन्हें रद्द किया जा सकता है।
वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर विदेश सलाहकार ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो सरकार इसकी मांग कर सकती है। शेख हसीना इस साल जून में भारत के दौरे पर आई थीं। इस दौरान भारत और बांग्लादेश के बीच 10 समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें सबसे चर्चित रेल ट्रांजिट समझौता था। इस समझौते के मुताबिक भारत, बांग्लादेश की जमीन का इस्तेमाल कर रेल से यात्रियों और सामानों को एक से दूसरे हिस्से में भेज सकता है। इससे बांग्लादेश को अपना माल नेपाल और भूटान भेजने में फायदा होगा। इसमें दोनों देशों के लिए समय और लागत दोनों बचेंगे। भारत-बांग्लादेश के बीच 22 जून 2024 को 10 MoUs पर दस्तखत हुए थे।

### रूस हेलीकॉप्टर हादसा सभी 22 लोगों के शव बरामद

**मास्को।** रूस के सुदूर पूर्व में शनिवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए सभी 22 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। आपातकालीन मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हेलीकॉप्टर में मुख्य रूप से पर्यटक सवार थे। मृतकों में चालक दल के सभी तीन सदस्य शामिल हैं। हादसा कमचातका क्षेत्र में हुआ जो एक प्राचीन प्रायद्वीप है और वहां कई ज्वालामुखी हैं। शनिवार को 19 यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों के साथ एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर ने वाचकाजेत्स ज्वालामुखी के करीब से उड़ान भरी थी और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# डॉक्टरों ने निकाली कोलकाता पुलिस हेडक्वार्टर तक रैली., पुलिस कमिश्नर का इस्तीफा मांगा

एजेंसी ▸▸। कोलकाता


- कोलकाता रेप-मर्डर केस, डॉक्टरों के प्रदर्शन का 24वां दिन

कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर लगातार 24वें दिन कोलकाता में राजनीतिक दलों और डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। सोमवार को अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों के जूनियर डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल के तत्काल इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस हेडक्वार्टर तक रैली निकाली। डॉक्टरों का आरोप है कि आरजी कर केस की जांच के दौरान पुलिस ने ठोस कदम नहीं उठाए। आरजी कर में हुई तोड़फोड़ को रोकने में भी पुलिस नाकाम रही। वहीं, पुलिस ने इस रैली को रोकने बी बी गांगुली स्ट्रीट पर बैरिकेडिंग की। बीजेपी ने भी सिलीगुड़ी और अलीपुरद्वार में आरजी की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने अलीपुरद्वार में डीएम ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की और उन पर वाटर कैनन का उपयोग किया।

### आरोपी बोला- सेमिनार हॉल में पहले थे पड़ी थी डॉक्टर की लाश

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में CBI को बताया कि 8 अगस्त की रात वह गलती से सेमिनार रूम में घुसा था। क्योंकि एक मरीज की हालत खराब थी। उसे ऑक्सीजन की जरूरत थी। इसलिए वो डॉक्टर को ढूंढ रहा था। इसी दौरान थर्ड फ्लोर पर सेमिनार रूम में गया। वहां ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी पड़ी थी। उसने शरीर को हिलाया, लेकिन कोई मूवमेंट नहीं हुआ। इससे वह घबरा गया और बाहर भागा।

## शब्द पहेली - 5621



**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5620 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5632

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5631 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE



# चोटिल सलमान ने शुरू की 'सिकंदर' की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी अगली एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर की तैयारी में हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट इस साल ईद के मौके पर हुई थी और फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। रश्मिका मंदाना फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। वहीं पिछले दिनों एक वीडियो काफी ज्यादा वायरल हो रही थी जिसमें सलमान खान एक इवेंट के दौरान सोफे से उठने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इसके बाद से उनकी हेल्थ को लेकर काफी ज्यादा सवाल उठने लगे थे। वहीं खबर ये भी आ रही थी कि इसकी वजह से सिकंदर की शूटिंग भी प्रभावित हो सकती है।

लाइफ Style

# सोनम

## पर्दे पर करने वाली हैं वापसी



हाल में ही उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्सुकता जाहिर की और अभिनय के प्रति अपने प्यार का इजहार किया। सोनम कपूर जल्द ही एक बार फिर पर्दे पर नजर आने वाली हैं। उन्होंने हाल में ही अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोनम कपूर हिंदी सिनेमा की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें 'रांझणा', 'नीरजा' आदि फिल्मों के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं। उन्होंने गर्भावस्था और मातृत्व वाले ब्रेक के बाद से किसी भी फिल्म का हिस्सा नहीं बनी हैं। वह आखिरी बार साल 2023 की फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर आई थीं। इस फिल्म को भी उन्होंने गर्भधारण से पहले शूट किया था। अब, एक बार फिर अभिनेत्री अपने बेटे वायु के जन्म के बाद कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। हाल में ही उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्सुकता जाहिर की और अभिनय के प्रति अपने प्यार का इजहार किया। सोनम कपूर जल्द ही एक बार फिर पर्दे पर नजर आने वाली हैं। उन्होंने हाल में ही अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, मैं अपनी प्रेगनेंसी के बाद फिर से कैमरे का सामना करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे एक अभिनय पसंद है और मुझे अपने पेशे के माध्यम से इतने सारे दिलचस्प किरदार जीना अच्छा लगता है। सोनम ने कहा वह अलग अलग तरह के इंसानों से प्रेरित होती हैं और उन्हें अपनी अलग अलग भूमिकाएं निभाना पसंद आता है।

हॉलीवुड मसाला




# दुआ ने किया कॉन्सर्ट का ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर दुआ लीपा एक बार फिर भारत आने वाली हैं। वो नवंबर में मुंबई में एक कॉन्सर्ट करेंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो उस दौरान की है, जब वो इंडिया आई थीं। मालूम हो कि उन्होंने 2024 का नया साल भी यहीं पर मनाया था। वो जयपुर में थीं और भारतीय परंपरा-सभ्यता को करीब से देखा और जाना था। लीपा नवंबर में मुंबई में परफॉर्म करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 25 अगस्त को उन्होंने दिसंबर 2023 में अपनी भारत यात्रा की कई तस्वीरें शेयर कीं।



# हयाओ को एशिया का नोबेल पुरस्कार

**लॉस एंजिलिस।** फेमस जापानी एनिमेटर हयाओ मियाजाकी को 2024 के रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड के विनर के रूप में चुना गया है। शनिवार को फाउंडेशन ने इसकी पुष्टि की है। हयाओ को 'स्पिरिटेड अवे' जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। रेमन मैग्सेस अवॉर्ड को एशिया का नोबेल अवॉर्ड कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, मियाजाकी ने 'माई नेबर टोटोरो', 'प्रिंसेस मोनोनोके', 'हाउल्स मूविंग कैसल', 'पोनीयो' और 'द बॉय एंड द हेरॉन' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है, जिसे क्रिटिक्स ने भी सराहा है। हयाओ मियाजाकी ने पर्यावरण संरक्षण और सद्भाव जैसे चुनौती से भरे विषय को दिखाते हुए कई एनिमेटेड फिल्में बनाईं और यंग जेनरेशन तक मैसेज पहुंचाया और प्रेरित किया।



# 'टिप-टिप बरसा पानी' पर लगाई आग

**मुंबई।** रवीना टंडन ने अपने टाइम पर कई बेहतरीन फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी का परिचय दिया। वह एक अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमाल की डांसर भी रही हैं। 'टिप टिप बरसा पानी' फेम एक्ट्रेस ने हाल ही में 'आपका अपना जाकिर' में शिरकत की। रवीना यहां मेहमान बनकर पहुंची। एक्ट्रेस के सामने श्वेता तिवारी के ऑइकॉनिक सॉन्ग पर पर परफॉर्मेंस दी, जिस पर बॉलीवुड अदाकारा की टिप्पणी सुन सबकी हंसी छूट गई। यलो साड़ी में पानी में भीगते हुए 'कसौटी जिंदगी की' एक्ट्रेस ने ऑइकॉनिक सॉन्ग पर ठुमके लगाते हुए सेंशुअस डांस किया। अपने गाने पर श्वेता को डांस करता देख रवीना ने एक्साइटमेंट जाहिर की। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, 'मुझे जिंदगीभर का ट्रॉमा हो गया है।'




# हनी सिंह को अपने ही गानों पर अफसोस

**मुंबई।** यो यो हनी सिंह के गानों पर लोग पूरी-पूरी रात पार्टी किया करते हैं। उनकी लाइफ और करियर में खूब उथल-पुथल रही और लंबे समय तक वह गानों से दूर भी रहे लेकिन इस दूरी ने दर्शकों के दिलों में कोई गैप नहीं बनने दिया। उनके गाने पर फैन्स की दीवानगी तब भी थी और आज भी है। हालांकि, हनी सिंह आज जब पलटकर अपने पुराने हिट सॉन्ग की तरफ देखते हैं तो उन्हें अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि उनके जो गाने इतने पॉप्युलर हुए, उन्हें सुनकर आज उनको हंसी आती है। हनी सिंह ने एक बातचीत में कहा कि उनके उन गानों में कोई तुक नहीं था, फिर भी लोग उन गानों को इंजॉय करते थे। उन्होंने बताया कि दो घंटे में म्यूजिक और रिकॉर्डिंग के साथ पूरा गाना तैयार कर दिया था।

टीवी मसाला

# बबीता जी की नहीं बदली क्यूटनेस

**मुंबई।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता अय्यर का रोल करने वाली मुनमुन दत्ता ने अपने पहले ऐड शूट से पुरानी फोटोज शेयर कीं। यह उनकी जर्नी की एक खूबसूरत याद दिलाता है और फैंस उन्हें



देखकर चौंक गए हैं। एक्ट्रेस ने उस एक्साइटमेंट को भी याद किया जो उन्होंने उस समय अनुभव किया था। मुनमुन ने अपनी लाइफ के उस दौर को याद किया जब फ्लाइट से यात्रा करना बड़ी बात थी, क्योंकि मुंबई में रहना उनके लिए आसान नहीं था। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फैंस का मनोरंजन करते हुए अपने पहले ऐड शूट से फोटोज पोस्ट कीं। काले कपड़े पहने और केरल के शांत बैकवाटर के बीच एक कार के साथ पोज देते हुए, 17 वर्षीय मुनमुन दत्ता ने अपनी खूबसूरती दिखाई। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'एक आर्काइव से।' उन्होंने आगे कहा, 'इंडस्ट्री में और मुंबई शहर में बिल्कुल नई थी और सबसे ज्यादा एक्साइटेड थी। एक दूसरा प्रॉफिट यह था कि मुझे फ्लाइट में किसी दूसरी खूबसूरत जगह की यात्रा करने का मौका मिला क्योंकि यह दूसरी बार था जब मुझे हवाई जहाज पर चढ़ने का मौका मिला।

## कॉमेडियन राजीव ने आतंकवादी बनकर सबको चौंकाया...

**मुंबई।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' और बाकी के शोज में अपनी कॉमेडी के लिए जाने जाने वाले राजीव ठाकुर ने हाल ही में रिलीज हुई सीरीज 'आईसी



814: द कंधार हाईजैक' में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया है। उनके दोस्तों कपिल शर्मा और अर्चना पूरन सिंह ने उनकी सीरीज देखी और उनकी परफॉर्मेंस की सराहना की। 1 सितंबर को, अर्चना पूरन सिंह ने सीरीज की एक झलक शेयर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और लिखा, 'जितनी तारीफ सुनी थी, उससे कहीं बेहतर हैं! एक अद्भुत घड़ी!!! शानदार काम किया, @राजीव ठाकुर।' अर्चना सिंह की स्टोरी का जवाब देते हुए, राजीव ठाकुर ने लिखा, 'बहुत बहुत धन्यवाद मैडम। मैं आपसे मार्क्स की उम्मीद कर रहा था, क्या इस बार 8 नहीं होंगे।' कपिल शर्मा ने भी राजीव ठाकुर की सराहना करते हुए लिखा, 'सीरीज में आप बहुत शानदार हैं, भाई @राजीव ठाकुर, यह सिर्फ एक शुरुआत है, बहुत कुछ आना बाकी है। प्यार और शुभकामनाएं हमेशा #icb14।' इस पर राजीव ठाकुर ने जवाब दिया, 'बहुत-बहुत धन्यवाद भाई...लव यू।'

# अक्टूबर में शुरू होगी 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग

**मुंबई।** इन दिनों अजय देवगन अपनी आगामी कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2024 से शुरू होगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय दत्त के भी शामिल होने की बात सामने आई है। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' ने साल 2012 को रिलीज के बाद सिनेमाघरों में जमकर कमाई की थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट आ रहा है, जिसकी शूटिंग इस साल अक्टूबर के महीने में पंजाब में शुरू की जाएगी। वहीं माडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय दत्त अक्टूबर 2024 में पंजाब में शूटिंग शुरू करने के लिए अजय देवगन और कलाकारों के साथ शामिल होंगे।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीजा संबंधी समस्याओं के कारण संजय को यूके की शूटिंग से बाहर होना पड़ा, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं, लेकिन उनकी भूमिका अभी भी महत्वपूर्ण होगी। प्रशंसक अजय और संजय की शानदार जोड़ी को फिर से स्क्रीन पर एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं।

# कांतारा एक्टर संग बड़े पर्दे पर धमाका करेंगे एनटीआर....

*मुंबई। साउथ सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हाल ही में कंतारा फेम एक्टर ऋषभ शेट्टी और केजीएफ डायरेक्टर प्रशांत नील के साथ कोल्लूर में स्थित मुकाम्बिका मंदिर के दर्शन करने गए थे। अब एक बार यह तिकड़ी स्पॉट हुई है। जूनियर एनटीआर एक बार फिर ऋषभ शेट्टी और प्रशांत नील के साथ मंदिर के दर्शन करने गए। तीनों को केशवनाथेश्वर मंदिर के दर्शन करते हुए देखा गया। इस दौरान वे अपने-अपने परिवार के साथ नजर आए। कंतारा एक्टर ऋषभ शेट्टी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहाड़ियों के बीच ऋषभ, प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर पानी और पहाड़ी से घिरे मंदिर केशवनाथेश्वर मंदिर के दर्शन करने गए। तीनों ने भगवान शिव की पूजा की। सभी ने ट्रेडिशनल धोती के साथ कुर्ता और शर्ट डाली थी।*



## कहीं सूर्या ने इसलिए तो नहीं टाली 'कंगुवा' की रिलीज?

# साउथ की 37 फिल्में अगस्त में रिलीज पर 35 हो गईं फ्लॉप!

*मुंबई। सूर्या की फिल्म 'कंगुवा' को पहले 10 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन' से टकराने वाली थी। लेकिन अब सूर्या ने खुद ऐलान किया है कि उन्होंने अपनी फिल्म की रिलीज को टालने का फैसला किया है। सूर्या ने यह कहा है कि वह सुपरस्टार रजनीकांत की 50 साल की फिल्मी विरासत के सम्मान में ऐसा कर रहे हैं। यह एक वाजिब कारण हो सकता है। लेकिन गाहे-बगाहे एक सच यह भी है कि साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री इस वक्त बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। बीते महीने अगस्त में साउथ में 37 फिल्में रिलीज हुईं, जबकि इनमें से सिर्फ 2 ही हिट या सुपरहिट हो सकीं।*

### बैक टू बैक फिल्में डिजास्टर

साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में बैक टू बैक फिल्में डिजास्टर हो रही हैं। धनुष से लेकर रवि तेजा जैसे सुपरस्टार्स को भी दर्शकों को रिझाने में खूब पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। हालांकि, बॉलीवुड का हाल भी कमोबेश ऐसा ही है, लेकिन 'स्त्री 2' की बंपर सक्सेस ने हिंदी सिनेमाघरों को राहत की सांस दी है। जबकि साउथ में ऐसा कुछ होता हुआ नहीं दिख रहा है।

### क्लैश का दिखता असर

'स्त्री 2' के साथ स्वतंत्रता दिवस पर दो और बड़ी फिल्में 'खेल खेल में' और 'वेदा' रिलीज हुई थीं। लेकिन इस क्लैश का असर यह हुआ कि जहां 'स्त्री 2' ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर बनी, बाकी की दो फिल्में डिजास्टर साबित हुईं। फिल्मी पंडितों का कहना है कि साउथ इंडस्ट्री भी इससे सबक ले रही है। कहीं ना कहीं इसी कारण कार्थी-प्रेम कुमार की फिल्म 'मेयाझगन' के ऑडियो लॉन्च पर सूर्या ने 'कंगुवा' की रिलीज पोस्टपोन करने का ऐलान किया।



**15 अगस्त को रिलीज तीन फिल्में हुई सुपरफ्लॉप :** जिस 15 अगस्त को रिलीज होकर 'स्त्री 2' ने बॉलीवुड में सफलता के नए रेकॉर्ड बनाए, उसी दिन साउथ की रिलीज 'डबल स्मार्ट' और 'मिस्टर बच्चन' बुरी तरह पिट गई। इनमें से हरीश शंकर और रवि तेजा की 'मिस्टर बच्चन' एक रीमेक थी। जबकि पुरी जगन्नाथ की 'डबल स्मार्ट' एक सीक्वल फिल्म। स्वतंत्रता दिवस पर ही आई 'तंगलान' भी फ्लॉप रही। हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से 15 अगस्त को रिलीज हुई छोटे बजट की फिल्म 'आय' हिट रही। इसने दर्शकों को खूब हंसाया। निर्माता बनी वासु की इस फिल्म में नरने नितिन लीड रोल में हैं।

### छोटे बजट की फिल्में हिट

अगस्त में रिलीज हुई साउथ की फिल्मों पर नजर डालें तो कुल मिलाकर 37 फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'डबल स्मार्ट' और 'मिस्टर बच्चन' जैसी बड़ी फिल्म भी थी, जिनसे बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन दोनों असफल साबित हुईं। इन 37 में से सिर्फ दो फिल्में ऐसी रहीं, जिन्होंने सफलता का स्वाद चखा। खास बात यह कि दोनों ही फिल्में छोटे बजट की थीं।

### पहले हफ्ते 8 फिल्में फ्लॉप

अगस्त के पहले सप्ताह में साउथ की एकसाथ 8 फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें राज तरुण की 'तिरागबदरसामी', निर्देशक विजय भास्कर के बेटे उषा परिणयम, वरुण संदेश की 'विराजी', अश्विन की 'शिवम भजे' और अल्लू सिरीश की 'बडी' शामिल हैं। भारी प्रचार के बावजूद ये फिल्में दर्शकों को रिझा नहीं सकीं। जबकि अल्लू सिरीश की 'बडी' के लिए टिकट की कीमतें कम की गईं, लेकिन फिर भी कोई मदद नहीं मिली।

### दूसरे हफ्ते में 10 में सिर्फ एक हिट

इसी तरह दूसरे सप्ताह में, 'सिम्बा', 'संघर्ष', 'कमेटी बॉयज', 'तूफान' और 'भवनम' सहित 10 फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से निहारिका के बैनर तले बनी 'कमेटी कुर्रोलु' हिट रही। निहारिका ने इस फिल्म के लिए अपने सारे साम-दाम-दंड-भेद लगा दिए थे। 'कमेटी कुर्रोलु' की कहानी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। जबकि विजय एंटनी की 'तूफान' और 'सिम्बा' जैसी अन्य फिल्में फ्लॉप रहीं।

**खबर संक्षेप**

### एयर फोर्स के जवान से ट्रांसपोर्टर ने की 27 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**भिलाई।** एयर फोर्स जवान के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-6 निवासी जवान मनीष कुमार शर्मा ने शिकायत किया है कि अजय सिंह नामक व्यक्ति सेक्टर 6 में रहने वाला के हक-स्वामत्वि की दो ट्रक का पंजीकृत स्वामी है। जिसे व्यवसायिक कार्य के लिए रुपयों की आवश्यकता होने पर अजय सिंह द्वारा उक्त दोनों वाहनों को मनीष कुमार शर्मा को विक्रय करने के लिए कहा। जिस पर मनीष ने दोनों वाहनों को 12 लाख रुपए एवं 15 लाख रुपए वाहन की कुल कीमत 27 लाख रुपए में क्रय किया गया था।

### छात्रा की मौत की जांच करेगा कांग्रेस दल, समिति का गठन

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस ने कन्या आश्रम में अध्ययनरत छात्रा की मौत की जांच के लिए समिति का गठन किया है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने जारी बयान में कहा कि बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड अंतर्गत कन्या आश्रम कोलावल में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्रा अंजना कश्यप की हुई। आकस्मिक मौत की घटना को गंभीरता से लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 4 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जिसमें संयोजक विधायक लखेश्वर बघेल और सदस्यों में पूर्व विधायक चंदन कश्यप, डीसीसी उपाध्यक्ष बस्तर बालेशचंद्र दुबे, ब्लाक अध्यक्ष करपावंड उत्तम नाईक शामिल हैं।

# अंतिम संस्कार के लिए बारिश थमने का इंतजार, चिता को बुझने से बचाने तिरपाल का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत खुटेरी (अचौद) में बारिश के दिनों में मुक्तिधाम में शव का दाह संस्कार करने में ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

यहां के मुक्ति धाम में शव का दाह संस्कार के लिए टीना शेड बना है, लेकिन वह जर्जर स्थिति में है, शेड का टीना हवा में उखड़ इधर उधर बिखर गया है, जिससे बारिश होने पर पानी अंदर आ जाता है। इसके कारण शव का अंतिम संस्कार करने के लिए या तो बारिश थमने का इंतजार करना पड़ता है या फिर बरसते पानी भीगते हुए या फिर पॉलीथिन अथवा तिरपाल पकड़कर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई जाती है। वहीं, आग न बुझ जाए इसलिए कपालक्रिया होते तक पॉलीथिन को पकड़कर रखना पडा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक ग्रामीण का निधन होने पर उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए मुक्ति धाम ले जाया गया। जैसे ही शव को चिता पर लिटाया गया, तभी अचानक बारिश शुरू हो गई।

शेड का टीना उखड़ गया है, जिससे बारिश का पानी अंदर आने लगा। इसके कारण वहां उपस्थित लोग चिता को तिरपाल एवं झिल्ली से ढक कर उसे गीला होने से बचाने का प्रयास करते रहे। सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को बारिश के थमने का इंतजार करना पड़ा, बारिश बंद होने पर उसमें आग लगाई।



**10 साल पुराना शेड पूरी तरह जर्जर**

ग्रामीण लिकेश्वर कुमार साहू ने बताया कि गांव के मुक्तिधाम में टीना शेड लगे लगभग 10 वर्ष से ज्यादा हो चुका है, जो कि आज की स्थिति में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इसके संधारण के लिए गांव के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। इसके कारण बारिश के दिनों में शव के अंतिम संस्कार में बहुत ही परेशानियों का सामना ग्रामीणों

### दो नक्सलियों पर था एक-एक लाख का इनाम

# सुकमा में एक महिला समेत पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नक्सलवाद उन्मूलन, पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव के चलते एक महिला समेत पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पांच नक्सलियों में से दो पुरुष नक्सलियों पर छग शासन द्वारा पद के अनुरूप एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था।

इन नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में डीआरजी फॉक्स, अल्फा, नक्सल सेल एवं 131 वाहिनी सीआरपीएफ के सूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एक महिला पोड़ियाम बुधरी पति सन्ना मेहता आरपीसी केएएमएस सदस्या उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी दुरमा थाना कोंटा व मल्लम देवा पिता मुत्ता गोलापल्ली एलओएस सदस्य ईनामी एक लाख रुपए उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी सिंगाराम थाना गोलापल्ली, करटम हड़मा पिता हिड़मा सिंगाराम आरपीसी डीएकेएमस अध्यक्ष ईनामी एक लाख रुपए उम्र लगभग 47 वर्ष निवासी गोंदीगुड़ा थाना गोलापल्ली, माड़वी जोगा पिता कोसा सिंगाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी गोंदीगुड़ा थाना गोलापल्ली एवं दूधी जोगा पिता हड़मा अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम उपाध्यक्ष उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा शामिल है।



सभी नक्सलियों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में मनीष रात्रे उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा एवं अनंत हंस सहायक कमाण्डेन्ट 131 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

# रपटा और सड़क बनाने ग्रामीणों ने चंदा करके किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम मिचेवाड़ा के वार्ड क्रमांक 15 और वार्ड क्रमांक 16 में ग्रामीणों ने श्रमदान और चंदा एकत्रकर रपटा बनाया और सड़क का मरम्मत किया। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारी अंदरूनी ईलाकों पर विकास को लेकर कतई गंभीर नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रपटा के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, परंतु जनप्रतनिधियों ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाया। प्रशासन को भी जनदर्शन एवं जनसमस्या निवारण शिविर में बताए गए, परंतु गंभीरता से नहीं लिया। ग्राम पंचायत, जनपद और जिला पंचायतों में पर्याप्त बजट मिलने के बाद भी ग्राम मिचेवाड़ा के ग्रामीणों को प्रत्येक घर से चंदा एकत्रकर और प्रत्येक घरों के ग्रामीणों ने श्रमदान कर रपटा और सड़क निर्माण करना पड़ रहा है। मिचेवाड़ा के ग्रामीण बैसाखू, हिरगूराम, साहूराम, सदाराम, देवसिंग, दुकालूराम, हिरेसिंग, केजऊ, भानूराम, सुखराम ने बताया कि ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से और जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल से हमारे गांव का विकास नहीं होता है, हमारे गांव का लगातार अनदेखी की जाती है। सड़क चलने लायक नहीं है, गलियों में कीचड़ हो जाती है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मार्केटिंग**
आवश्यकता है- पोल्ट्री मेडिसिन की मार्केटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता- ग्रेजुएशन एंड्राइड मोबाइल एवं टू व्हीलर अनिवार्य सम्पर्क करें मोबाइल नंबर:- 8085585019.(RO-2964)

**एकाउंटेंट**
आवश्यकता है- ट्रांसपोर्ट लाजिस्टिक्स कार्य हेतु एम बी ए और एक एकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन अनुभव योग्यतानुसार अनुसार रहेगा Contact - 9685867700, 9303203177 एस एस लाजिस्टिक रावाभाटा ट्रांसपोर्ट नगर बीरगांव रायपुर छत्तीसगढ़ (RO-7401)

क्लासीफाईड

**टीचर**
आवश्यकता है- कॉमर्स एवं सामाजिक विज्ञान पढ़ने हेतु टीचर्स की संपर्क वर्धमान द स्कूल, नहर रोड, कृष्ण नगर, संतोषी नगर, रायपुर 9109329528. (RO-16)

**गार्ड/सुपरवाइजर**
आवश्यकता है- TIRUPATI BALAJI FOODS, Tilda Neora Recruitment (Rice Mill) Security Guard/ Supervisor, Accountant, HR Executive, Production Dispatch/ Quality/ Store/ Maintenance Supervisor/ Truck/ Car Driver Contact- 9109994201, 8788197848.(RO-2962)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**चिकित्साकर्मी**
आवश्यकता है- कोरबा, रायगढ़, कोरिया, सूरजपुर हेतु Doctor (MBBS) Pharmacist (D/B Pharma), Laboratory Technician (DMLT), Driver (Heavy Vehicle Licence), mmuseclmpcg@gmail.com (RO-6470)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**
आवश्यकता है- अनुभवी और स्मार्ट सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है संपर्क करें:- KOOL BEB'S अग्रसेन चौक नेहरूनगर भिलाई । मो.- 9827490990.(आरो न.-569)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सुपरवाइजर/वेटर**
आवश्यकता है- होटल (लॉज) हेतु अनुभवी सुपरवाइजर, वेटर, एवं बाई की आवश्यकता है। संपर्क करें:- 9340988312, 9425507504.(RO-325)

**सिक्योरिटीगार्ड**
आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 10000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.(RO-2955)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**डिजाइनर/मार्केटिंग**
शीघ्र आवश्यकता है- ग्राफिक डिजाइनर (12000-20000) मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (15000-20000) फ्लेक्स मशीन ऑपरेटर (10000-15000) टाटा एस ड्राइवर जो रायपुर से बाहर रह सके (12000 + भत्ता) ई- रिक्शा ड्राइवर (7000-9000) संपर्क- मां ऐड एजेंसी रायपुरा चौक मंजीत टावर- 7974351591.(RO-3729)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए लड़कों एवं सेल्स मेन की आवश्यकता है। मो. 7067048454 (RO-6472)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.(RO-2971)

**ड्रायवर**
आवश्यकता है- हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित संपर्क करें- 8225022889, 9827806026. (आरो न.-6375)

**सेनेटरी/शोरूम कार्य**
आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है। सम्पर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड , मोवा थाना के सामने, रायपुर: मोबाइल : 9827109679.(RO-233)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कम्प्युटर/ऑफिस कार्य**
आवश्यकता है- शीतला एजेंसी (vehicle spare parts) में कंप्यूटर एवं ऑफिस कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार संपर्क 9300229026, 9300629026, भाटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर (RO-1751)

**अन्य**
आवश्यकता है- (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1330)

**Property प्रापर्टी**

**मकान/बंगला**
मकान बेचना है- शंकरनगर मेन रोड दुर्ग में स्थित मकान अतिशीघ्र बेचना है। साईज 2000 वर्गफीट संपर्क करे:-मो.- 9893987304, 9993738918.(आरो नं - 6373)

बेचना है - रायपुर में VIP चौक पर ऐश्वर्या रेसीडेंसी में 4BHK बंगला, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी रायपुरा में 3BHK डुप्लेक्स, VIP रोड मौलश्री विहार में 4BHK बंगला, न्यू धमतरी रोड पर मारुति हेरिटेज में 3BHK फ्लैट बेचना है सम्पर्क:- 8871343000, 7724953129, 9340033105. (RO-2970)

**प्लाट**
प्लॉट बेचना है- प्लॉट ही प्लॉट गैलेक्सी हाइट्स के आगे बोरसी दुर्ग में आवासीय प्लाट मात्र 850fit में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध जल्द कीजिए सीमित प्लांट 9770047215, 6260058087 (आरो नं -280)

प्लॉट बेचना है- त्योहारी ऑफर प्लॉट ही प्लांट चंदखुरी से हनोदा मार्ग लगा हुआ आवासीय प्लांट 600fit में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्री, डायवर्सन, प्रमाणीकरण फ्री - 9770047215 , 6260058087.(आरो नं -280)

**Purchase खरीदना**
ज़मीन खरीदना है- लगभग 5 लाख रुपया एकड़ भाव की 2-4 एकड़ खेती योग्य, डामर रोड टच, गैर आदिवासी, दुर्ग नगर से 50-60 किलोमीटर तक खरीदना है। वाट्सएप:- 9039619131.(आरो नं - 6374)

**Finance फायनेंस**
फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841. (RO-2967)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैंसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152










# हमलावर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित पक्ष दहशत में

**मगरलोड।** ग्राम परसट्ठी में एक माह पहले मारपीट हुई थी। इस संबंध में ओमलता साहू ने करेली बड़ी पुलिस चौकी पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें न्याय नहीं मिलने से पीड़ति पक्ष आहत है। पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग गया हैं। न्यायालय में अब तक चालान पेश नहीं हुआ है। एक ओर नए कानून में महिलाओं को त्वरित न्याय देना है, पर हकीकत कुछ और है।

पीड़ति ओमलता साहू पति परमानंद साहू ने 8 जुलाई 2024 को चौकी करेली बड़ी में रिपोर्ट लिखाइ है कि 7 जुलाई की दोपहर साढ़े 3 बजे वह घर के पास खड़ी थी तभी उन्होंने देखा कि पति परमानंद साहू से पुरानी रंजिश को लेकर सन्तोष साहू गाली-गलौज कर रहा है। जैसे वह पति के पास पहुंची तो संतोष मारपीट और गाली-गलौज करने लगा। उसने डंडे से पति को मारा। इससे बायां पैर चोटिल हो गया। बीच-बचाव करने पर उसने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट और धक्का मुक्की के चलते पैर, पीठ और कान में चोट आई है। ओमलता की पीठ में चोट लगी है। उन्होंने पुलिस से न्याय की मांग की है। पीड़ति व्यक्ति ने बताया कि संजीवनी हॉस्पिटल नयापारा में उपचार के लिए भर्ती हुआ है। अगले दिन 8 जुलाई को परमानन्द की पत्नी ओमलता साहू ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई चार्जशीट नहीं बनाई है।



- परसट्ठी में एक माह पहले हुई थी मारपीट की घटना, अभी तक नहीं मिला न्याय

# दो पक्षों के बीच मारपीट काउंटर रिपोर्ट हुआ दर्ज

**महासमुंद।** निर्वाचन प्रमाण पत्र को वायरल करने से मना करने पर सरपंच पति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामला सांकरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद विवेचना में लिया है। पुलिस को नीलांबर पटेल पिता बलदेव पटेल निवासी ग्राम लोहरीनडोंगरी ने बताया कि मेरी पत्नी सुलोचना पटेल वर्तमान में ग्राम पिपरौद पंचायत की सरपंच है।

वर्ष 2020 का निर्वाचन प्रमाण पत्र में सरपंच सुलोचना पटेल पति नीलांबर पटेल के स्थान पर पति बलदेव पटेल लिखा होने की बात को लेकर 1.09.24 को गांव के ओमप्रकाश पटेल एवं उसके लड़के किशोर पटेल द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र को मोबाईल में वायरल करने से मेरे द्वारा मना किया गया। जिस पर आरोपी ओमप्रकाश पटेल एवं किशोर पटेल द्वारा एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे डंडे से मारा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष के ओमप्रकाश पटेल पिता रघुनाथ पटेल ने पुलिस को बताया कि मैं सुबह 7 बजे मोटर सायकल से अपना खेत जा रहा था तभी नीलांबर पटेल (संजय) अपने मोटर सायकल को लाकर मेरे सामने खड़ा हो गया और मेरे मोटर सायकल का चाबी छिन लिया। मेरे मना करने पर मेरे साथ मारपीट करने लगा और मेरा मोबाईल भी लूट लिया। साथ ही कहने लगा कि मेरी सरपंच पत्नी सुलोचना पटेल के खिलाफ बहुत शिकायत करता है और व्हाट्सअप में वायरल करता है। साथ ही वह मेरे साथ मारपीट करते हुए गांव के नजदीक ले आया।

## खबर संक्षेप

### ढिल्लों ने जसदीप गिल को बनाया उत्तराधिकारी

**लुधियाना।** डेरा ब्यास के मुखी बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने



सोमवार को अपने उत्तराधिकारी का एलान कर दिया है। ढिल्लों ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जसदीप सिंह गिल पुत्र सुखदेव सिंह का नाम घोषित किया है। गिल को संगत को गुरु का नाम देने के भी अधिकार दिए गए हैं। ढिल्लों ने एक पत्र भी अपने सभी मुख्य सेवकों को जारी कर दिया है।

### केजरीवाल- आतिशी को 'मानहानि' में राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम



अरविंद केजरीवाल, मंत्री आतिशी और अन्य आप नेताओं को नया झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को रद्द करने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे को रद्द करने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

### सिंघवी ने कहा-राहुल ही बनेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को लोकसभा में नेता



प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह बेहद गंभीरता के साथ कई मुद्दों पर काम कर रहे और समर्पण दिखा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के लिए शत प्रतिशत हकदार होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी संभालेंगे और क्या वह उन्हें भविष्य के प्रधानमंत्री के रूप में देखते हैं, चार बार के सांसद ने कहा, 'मुझे भूल जाइए, भाजपा के मित्रों से पूछिए। आप सब ट्रोलिंग देखते थे। इसमें प्रशंसा क्यों है, जबकि यह अनिच्छा से की गई प्रशंसा है, क्योंकि आपको एहसास होता है कि (वे) एक ईमानदार व्यक्ति का मजाक उड़ा रहे थे।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

### पुलिस का दावा उग्रवादियों ने ड्रोन से बम गिराए

# अंधाधुंध फायरिंग के साथ बम से हमले... 2 की मौत, 9 घायल

*मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की ओर से कुकी-जो समुदाय के लिए अलग प्रशासन की मांग को ठुकराने के बाद एक बार फिर यहां हिंसा भड़क उठी है। ताजा मामला इंफाल पश्चिम जिले का है, जहां रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों की ओर से किए गए हमले में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। इस हमले के बाद सुरक्षाबलों की टीम अलर्ट मोड पर है।*

एजेंसी ▶▶ इंफाल

पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबांड के घाटी के निचले इलाकों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी करने के साथ बम से हमले किए। कडांगबांड इलाके के लोगों का दावा है कि एक ड्रोन के एक घर पर बम गिराया गया। पुलिस ने बताया कि इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों की गोलाबारी में कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 9 घायलों में से 5 को गोली लगी है, जबकि अन्य को छर्रे लगे हैं।



#### हमले से लोगों में फैली दहशत

पुलिस ने बताया कि गांव पर अचानक हुए हमले से लोगों में दहशत फैल गई, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। राज्य सरकार ने कोत्रुक के निहत्थे ग्रामीणों पर हमले की कड़ी निंदा की है। मणिपुर के गृह विभाग ने एक बयान में कहा, "राज्य सरकार को निहत्थे कौत्रुक ग्रामीणों पर ड्रोन, बम और अत्याधुनिक हथियारों से हमला करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकारी मिली है, जिसमें कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने एक महिला सहित दो लोगों की हत्या कर दी। निहत्थे ग्रामीणों को आतंकित करने के ऐसे कृत्य को राज्य सरकार द्वारा बहुत गंभीरता से लिया गया है, जबकि वह राज्य में सामान्य स्थिति और शांति लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।" गृह विभाग ने कहा, "राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने और इंफाल पश्चिम के कौत्रुक गांव पर हमले में शामिल लोगों को दंडित करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है।"

#### 'केंद्रीय बल शांति बहाली में बाधक, उन्हें हटाएं' मुख्यमंत्री के दामाद ने लिखा गृहमंत्री शाह को पत्र

*मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद व मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख केंद्रीय बलों को वापस बुलाने का अनुरोध किया है। इमो ने गृहमंत्री को लिखा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी से शांति बहाल नहीं हो पा रही है। इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर वक़्त मूकदर्शक के तौर पर मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि असम राइफल्स की कुछ यूनिट्स को हटाया गया है और वे इससे खुश हैं। भाजपा विधायक का कहना है कि ऐसी यूनिट्स राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं। बीजेपी विधायक का कहना है कि यह फैसला किया जाना चाहिए और सुरक्षा की सारी ज़िम्मेदारी अब राज्य के सुरक्षा कर्मियों को दी जानी चाहिए। बता दें, गुरुवार को एक इंटरव्यू में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पद छोड़ने से भी इंकार करते हुए केंद्र की मदद से छह महीने में राज्य में पूरी तरह शांति बहाल करने का वादा किया था।*



### 300 से अधिक मामलों में मुकदमा

## चाइल्ड केयर कर्मचारी ने 60 बच्चियों का यौन शोषण किया

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में 60 बच्चियों के साथ यौन शोषण, बलात्कार और दुर्व्यवहार के मामले में एक चाइल्ड केयर कर्मचारी ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है। आरोपी का नाम ऐश्ले पॉल ग्रिफिथ है, उसने चाइल्ड केयर में काम करते हुए इन अपराधों को अंजाम दिया। ग्रिफिथ के खिलाफ ब्रिसबेन की जिला अदालत में 300 से अधिक मामलों में मुकदमा चल रहा था। ग्रिफिथ ने 2003 से 2022 तक ब्रिस्बेन और इटली के ट्रेनिंग स्कूलों में ये अपराध किए थे। सोमवार को सुनवाई के दौरान पढ़ने में जिला जज को 2 घंटे से अधिक का समय लग गया। कोर्ट रूम में पीड़ित बच्चों के माता-पिता और परिवार वाले भी मौजूद थे।

#### ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में सबसे बड़ा अपराधी ग्रिफिथ

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने 2022 में ग्रिफिथ को 60 बच्चियों के साथ यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया था। पिछले साल पुलिस उस पर लगे आरोपों को जनता के सामने लाई थी। 46 साल का ग्रिफिथ



ऑस्ट्रेलिया का इतिहास का सबसे बड़ा पीडोफाइल ( बच्चों के साथ यौन अपराध करने वाला) अपराधी है। ग्रिफिथ के खिलाफ पुलिस ने 2023 में 91 बच्चो के खिलाफ अपराध के 1691 मामलों में केस दर्ज किया गया था। इस साल की शुरुआत में आरोपों की संख्या को कम करके 307 तक पहुंचा गया था। इसके बाद ग्रिफिथ को जिला न्यायालय में पेश किया गया। इनमें अभद्र व्यवहार के 190 मामले, बलात्कार के 28 मामले, बाल शोषण सामग्री बनाने के 67 मामले, ऑस्ट्रेलिया के बाहर बाल शोषण सामग्री बनाने के चार मामले, एक बच्चे के साथ बार-बार यौन संबंध बनाने के 15 मामले तथा अन्य मामले शामिल हैं।

### राज्यपाल ने मांगा स्पष्टीकरण

## खरगे परिवार के 'ट्रस्ट' को जमीन आवंटन पर सरकार जवाब पेश करे



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भाजपा की शिकायत पर कांग्रेस सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि प्रियांक खरगे के परिवार द्वारा चलाए जा रहे ट्रस्ट को जमीन आवंटित की गई। साथ ही प्रियांक को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।

#### प्रियांक का पलटवार

*इस मामले पर सिद्धारमैया सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया कि राज्यपाल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शिकायतों पर बहुत जल्दी कार्रवाई करते हैं, लेकिन भाजपा और जद (एस) के खिलाफ शिकायतों पर धीमी प्रतिक्रिया देते हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा को बचाना होता है तो राज्यपाल का कार्यालय सक्रिय हो जाता है। भाजपा-जद (एस) के खिलाफ दस्तावेज उनकी टेबल पर सड़ने के बावजूद उन्होंने कार्रवाई नहीं की है।*

# सायन की जमानत नहीं होगी रद्द हाईकोर्ट ने मांगा दस्तावेज का विवरण

### बंगाल सरकार को अदालतों से लगा बड़ा झटका 'नबन्ना मार्च' के संबंध में लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष कोर्ट ने सायन लाहिड़ी को बड़ी राहत देते हुए पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका को खारिज कर दिया और जमानत रद्द करने से साफ इनकार कर दिया। बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में एक प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म व उसकी हत्या की घटना के विरोध में यह रैली आयोजित की गई



थी। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में 27 अगस्त को छात्रों की ओर से राज्य सचिवालय नबन्ना तक निकाले गए मार्च के दौरान 4 लोगों को गिरफ्तारी को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

#### डैमेज कंट्रोल में सीएम ममता

कोलकाता में जघन्य अपराध से ममता सरकार की नींव हिल गई है। डॉक्टर हड़ताल पर हैं। राज्य सरकार व कोलकाता पुलिस की भी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।। अब ममता सरकार राज्य में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिए अब नया कानून लाने जा रही है। मंगलवार को एक विशेष सत्र बुलाया है।



### भाजपा ने सिलिगुड़ी-अलीपुरद्वार में प्रदर्शन किया, फंदा भी 'लगाया'

कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर लगातार 24वें दिन कोलकाता में राजनीतिक दलों और डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। भाजपा ने भी सिलीगुड़ी और अलीपुरद्वार में विरोध में प्रदर्शन किया। अलीपुरद्वार में डीएम ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की और उन पर वाटर कैनन का उपयोग किया। महिलाएं फंदा लगाकर मौजूद थीं।



### केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री आज पूसा में

## एग्रीश्योर फंड, कृषि निवेश पोर्टल करेंगे लॉन्च, उत्कृष्टता सम्मान देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को पूसा, नई दिल्ली में एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ करेंगे।



चौहान विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंकों और राज्यों को उनके प्रयासों की सराहना करते हुए एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करेंगे। इसमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और राम नाथ ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

#### इससे बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी

यह पुरस्कार समारोह अन्य बैंकों को भी अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे एआईएफ योजना की समग्र सफलता में योगदान मिलेगा। पुरस्कार समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों और बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना को बढ़ावा देने विशेष अभियान चलाए जाते हैं और इसे लागू करने में विभिन्न बैंकों और राज्यों के प्रयासों को मान्यता देते हुए सामूहिक उपलब्धियों को बढ़ावा देने, उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भविष्य के प्रदर्शन को प्रेरित करने के लिए उन्हें उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

## मोची रामचेत को सिलाई का सामान व कच्चा माल व्यापार के लिए भेजा

### राहुल ने भेजी सामग्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार की दोपहर करीब 2:30 बजे का समय। रामचेत अपनी गुमटी पर बैठे चप्पल बना रहे थे, अचानक एक लग्जरी कार आकर दुकान के सामने रुकी। गाड़ी से तीन लोग नीचे उतरे और चार गत्तों में भरे सामान उतारकर रामचेत के पास रख दिया। रामचेत ने पूछा, साहब! यह क्या है, मैं इसका क्या करूंगा? सामान लेकर आए एक व्यक्ति ने कहा कि राहुल गांधी ने यह सामान आपके लिए भेजवाया है।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301**

**शुद्धि पत्र**

ई-निविदा आमंत्रण संख्या – 17/R1/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH दिनांक 29.08.2024 जिसका PR No. - 334094 में अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित संशोधित किया जाता है। जिसके अनुरूप ही निविदा की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जो निम्नवत् है :–

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.09.2024 अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.09.2024 अपराह्न 03.30 बजे।
3. निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 334456 REO(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा।**

**शुद्धि–पत्र**

1. अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 11/2024-25/RWD/EE/GODDA दिनांक 29.08.2024 जिसका PR 334096 (Rural Work Depatment) (24-25).D समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है में निम्न संशोधन किया जाता है– क्रमांक सं0 5 के बाद खाली स्थान पर क्रमशः 6, 7 एवं 8 पढ़ा जाय।

अन्य शेष शर्ते पूर्ववत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोड्डा।

PR 334463 Rural Work Department(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–333711 Building(24-25)#D एवं E-Tender Reference no.-15/2024-25/EE/BCD/Latehar के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चकला में उग्रतारा मंदिर चन्दवा का प्रस्तावित क्षेत्र का विकास) कार्य निम्नवत संशोधित की जाती है:–

1. निविदा खोलने का स्थान :– नोडल पदाधिकारी ई0 प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची

के स्थान पर यह पढ़ा जाय–

नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 334446 (Building) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**
**VERY SHORT TENDER**
**Re. E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/735**
**Date :- 31/08/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP Work of Dalbhanga (Sona Ghati) to Korwa Road form KM 0.00 to KM 13.375 (Total Length - 13.375) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 8,54,23,145.00 Rs. Eight Crore Firty Four Lakh Twenty Three Thousand One Hundred Forty Five only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 8,55,000.00 Rs Eight Crore Fifty Five Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 03 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 11.09.2024 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 04.09.2024 at 12:00 Noon |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
R.C.D., Road Division, Khunti

PR 334379 (Road)24-25*D



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/मप्र./बैकु./राजस्व/24/452 दिनांक 02.09.2024

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कटगोड़ी शाफ्ट चरचा भूमिगत खदान के लिए निम्न कास्तकारी भूमि/मकान म.प्र. भू.रा. संहिता के अन्तर्गत अधिग्रहण किया गया है जिसके बदले में इनके परिवार के एक सदस्य को पुर्नवास नीति के प्रावधानो के तहत् नौकरी दिया जाना प्रस्तावित है। अगर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दावा आपत्ति उपक्षेत्रीय प्रबंधक चरचा (आर.ओ.) के कार्यालय में प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर तक प्रस्तुत कर सकते है।

| कास्तकार का नाम | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हे. में | नौकरी हेतु प्रस्तावित व्यक्ति | संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| चन्द्रप्रताप राजवाड़े आत्मज अमोल साय | कटगोड़ी | 1499/5 | 0.25 हे. | देवव्रत राजवाड़े | पुत्र |

उप क्षेत्रीय प्रबंधक,
चरचा माईन (आर.ओ.),
एसईसीएल, बैकुण्ठपुर क्षेत्र

SECL/24-25/157



**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय**
धरमपुरा - 2, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)
शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) भारत सरकार
पिन 494001 फोन-07782-229062. E-Mail : jnv.jagdalpur05@gmail.com, Website: https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/bastar/en/home/

फा.क्र.//जनवि-बस्तर/2024-25/299 **प्रथम पुनः निविदा सूचना** दिनांक 31/08/2024

पीएमश्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय धरमपुरा - जगदलपुर, जिला - बस्तर, छ.ग. में सत्र 2024-25 के लिए पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएँ पुनः आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | अमानत राशि डीडी रू. में | निविदा फार्म विक्रय मूल्य रू. में | मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किराना/ खाद्य सामग्री | 30000.00 | 500.00 | दिनांक 16.09.2024 मध्याह्न 12:00 बजे तक | दिनांक 16.09.2024 2024 अपरान्ह 12:30 बजे, प्राचार्य कक्ष, जनवि धमरमपुरा - 2, जगदलपुर, जिला - बस्तर छ. ग. |
| 1 | मांसाहार खाद्य सामग्री (मछली, एवं चिकन) | 5000.00 | 500.00 | | |
| 2 | मिठाई एवं ब्रेड बेकरी | 5000.00 | 500.00 | | |
| 3 | कपड़ा धुलाई एवं प्रेस | 2000.00 | 500.00 | | |
| 4 | बाल कटिंग | 2000.00 | 500.00 | | |
| 5 | दवाई | 2000.00 | 500.00 | | |
| 6 | दैनिक उपयोग सामग्री / टायलेट सामग्री | 10000.00 | 500.00 | | |

निविदा संबंधी जानकारी व प्रपत्र कार्यालय प्राचार्य पीएमश्री स्कूल जनवि धरमपुरा से दिनांक 03.09.2024 से दिनांक 15.09.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवसों में प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे के मध्य प्राप्त की जा सकती है। वेबसाईट से फार्म डाउनलोड कर निविदा भरने पर अतिरिक्त रू. 500.00 का डीडी भी अमानत राशि के डीडी. के साथ जमा करना होगा। डीडी प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय बस्तर, छ.ग. के पक्ष में (एसबीआई ठाकुर रोड जगदलपुर कोड - SBIN0030406 में) देय होगा। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी विद्यालय के वेबसाइट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Bastar/en/home/ से भी डाउनलोड कर जमा किया जा सकता है।

प्राचार्य



**न्यायालयः भगवान दास पनिका, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला दुर्ग छ.ग.**

क्रमांक 355 / जे.एम.एफ.सी./2024
दुर्ग, दिनांक 08.08.2024

उपरोक्त विषयानुसार लेख है कि एम.जे.सी. प्रकरण क्र. 566/23 पक्षकार श्रीमती भाग्यश्री उर्फ योगिता वि. आकाश अनासाने वगै. अंतर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत निवास की व्यवस्था करने 10 लाख रूपये प्रतिकर की मांग संरक्षण आदि दिलायें जाने प्रतिमाह 20 हजार रूपये एवं अंतरिम भरण पोषण की राशि न्यायालय से दिलाये जाने बाबत परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया है। परिवादी के द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध पेपर प्रकाशन का आदेश कराये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है विचार बाद आवेदिका को अनुमति प्रदान किया गया है संबंधित अनावेदक क्र. 01 आकाश अनासाने पिता किशोर अनासाने, उम्र 37 वर्ष, निवासी-पूजा फैंसी स्टोर्स पिकाडली होटल के पास महोबा बाजार चौक आमानाका रायपुर जिला रायपुर छ.ग., अनावेदक क्र. 03. माला अनासाने पति किशोर अनासाने उम्र-58, वर्ष, अनावेदक क्र. 04 विक्की अनासाने पिता किशोर अनासाने उम्र-30 वर्ष, अनावेदक क्र. 05 पिंकी असारे पति रोजश आसरे उम्र 33 वर्ष, अनावेदक क्र. 06 अर्चना अनासाने पिता किशोर अनासाने, उम्र 32 वर्ष, अनावेदक क्र. 03 से 06 तक निवासी- सिद्धी विनायक कालोनी भवानी नगर कोटा सरस्वती नगर रायपुर, जिला रायपुर छ.ग., अनावेदक क्र. 07 श्रद्धा गोगटे पति स्व. वैभव गोगटे उम्र 35 वर्ष, निवासी हुडको भिलाई नगर जिला दुर्ग छ.ग. निवासी हैं, उक्त अनावेदकगण के गृह जिले में पेपर प्रकाशन करायी जावें। अनावेदकगण पेपर पढ़कर सुनकर सुनाकर विहित समय दिनांक 20.09.2024 को उपस्थित होकर जवाब, दस्तावेज पेश करें। विहित समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अनावेदकगण के विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित करने संबंध में प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

आवेदिका/परिवादी स्वयं के व्यय पर उक्त समाचार पत्र प्रकाशित कराकर न्यायालय में एक प्रति प्रस्तुत करेंगे।

अतः उक्त संबंध में ज्ञापन सादर प्रेषित है।

स्थान-दुर्ग
दिनांक 08.08.2024

भगवान दास पनिका,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
जिला दुर्ग छ.ग.



**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम केसरी लता साहू पति श्री लिकेन्द्र कुमार साहू है। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम केसरी लता साहू (Kesari Lata Sahu) है, जो सही है।

चूंकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम केशरीलता साहू (Keshrilta Sahoo) टंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि मेरा सही नाम केसरी लता साहू (Kesari Lata Sahu) है। उक्त त्रुटि के कारण मुझे शासकीय, अशासकीय कार्यों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इस कारण मैं अपने आधार कार्ड में अपना त्रुटिपूर्ण नाम केशरीलता साहू (Keshrilta Sahoo) जो टंकित है उसे विलोपित कर उसके स्थान पर अपना सही नाम केसरी लता साहू (Kesari Lata Sahu) टंकित करवाना चाहती हूं इसलिए यह आम सूचना प्रकाशित है।

अतएव आज दिनांक से मुझे केसरी लता साहू के नाम से जाना-पहचाना जावे।

**केसरी लता साहू**
**पति श्री लिकेन्द्र कुमार साहू**
**निवासी-ग्राम सतमरा, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**कमिशनिंग कार्यो हेतु ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः सीपीएम–ईएल–बीएसपी–एपीआर/24–25/07, (खुली निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)**

**कार्य का नाम :** बिलासपुर डिविजन के बिलासपुर से अनुपपुर सेक्शन के 1X25 के.वी. ओ.एच.ई. के 2X25 के.वी.ओ.एच.ई. में उन्नयन हेतु डिजाईन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग। **निविदा मूल्य : ₹** 121,97,65,623/–, **अमानत राशि : ₹** 62,48,800/–, कार्य पूर्ण होने की तिथिः 18 (अठारह) माह, निविदा बंद होने का समयः दिनांक 17–09–2024 को 15.00 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 17–09–2024 को 15.30 बजे तक। विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, कमरा नं. 103, प्रथम तल, निर्माण भवन, बिलासपुर पिनः 495004 में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। उसे डाउलोड कर देख सकते हैं।

उप. मु. वि. इंजी/परियोजना
कृते, मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/PR/216
South East Central Railway @secrail



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन,पपरवाटांड़,गिरिडीह,झारखण्ड–815301**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सं0 :–22/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH दिनांक :– 30.08.2024 ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।**

**कार्य का नाम :–**

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/GIRIDIH/STPKG/39/2024-25 | (i) एल050–एल022 से झलकडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.040 कि0मी0)<br>(ii) खोरीमहुआ–सरिया पथ से सखईटाँड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.790 कि0मी0)<br>(iii) एल048–टी03 से हलुवईया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.215 कि0मी0)<br>(iv) एल045–घोरथम्भा–ईटाशानी पथ से कटरियाटाँड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.520 कि0मी0)<br>(v) एल051–टी02 से सियारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.470 कि0मी0)<br>(vi) टी02 जमरीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0)<br>(vii) पी0डब्लू0डी0 रोड ओरागो से मरगोडा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.060 कि0मी0)<br>(viii) एल022 कोराडीह परसन रोड खिजरसोता से दरियाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.230 कि0मी0) | 10,67,52,900.00 | दस करोड़ सड़सठ लाख बावन हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 03.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 11.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 13.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 334415 REO(24-25).D

## खबर संक्षेप

### पहले पांच माह में कोयला उत्पादन छह फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह (अप्रैल-अगस्त) में देश का कोयला उत्पादन 6.48 प्रतिशत बढ़कर 38 करोड़ 40.8 लाख टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोयला उत्पादन 36 करोड़ 7.1 लाख टन था। समीक्षाधीन अवधि के आंकड़े अस्थायी हैं। साल-दर-साल 3.17 प्रतिशत की वृद्धि है।

### बीपीसीएल से मिला 2,413 करोड़ रुपए का लाभांश




**नई दिल्ली।** निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सोमवार को कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) से करीब 2,413 करोड़ रुपये का लाभांश मिला है। सरकार को लाभांश किस्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

### हुंडई की बिक्री अगस्त में 12 प्रतिशत घटी

HYUNDAI

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की कुल बिक्री अगस्त में 12 प्रतिशत बढ़कर 63,175 इकाई हो गई है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी की 71,435 गाड़ियां बिकी थीं। हुंडई ने बताया कि घरेलू बाजार में वाहन बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 49,525 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह संख्या 53,830 इकाई थी।

# आईपीओ से मिले 54 प्रतिशत शेयर एक सप्ताह में बेच देते हैं निवेशक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ज्यादातर निवेशक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत शेयर आवंटन के बाद उसमें लंबे समय तक बने नहीं रहते हैं और लाभ की स्थिति में एक सप्ताह के भीतर ही शेयर बेचने को तरजीह देते हैं।

- ज्यादातर निवेशक आवंटित शेयर में ज्यादा समय तक बने नहीं रहते

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला गया है। इसमें कहा गया है कि आईपीओ को लेकर निवेशकों का रुख अलग-अलग देखने को मिलता है। निवेशक (एंकर यानी बड़े निवेशकों को छोड़कर) एक सप्ताह के भीतर मूल्य के हिसाब से आवंटित निर्गम का 54 प्रतिशत हिस्सा बेच देते हैं।

## भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने एक सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला

### म्यूचुअल फंड लंबे अवधि के लिए निवेश करते हैं

दूसरी ओर, म्यूचुअल फंड आईपीओ शेयरों में लंबी अवधि के लिए निवेश करते हैं, जबकि बैंक तेजी से इन्हें बेचते हैं। म्यूचुअल फंड ने एक सप्ताह के भीतर आवंटित मूल्य का लगभग 3.3 प्रतिशत बेचा, जबकि बैंकों ने 79.8 प्रतिशत बेचा। अध्ययन के अनुसार, रिटर्न का बिक्री पर असर दिखाई दिया। जब आईपीओ पर रिटर्न एक सप्ताह के भीतर 20 प्रतिशत से अधिक रहा।




### 144 आईपीओ पर किया गया अध्ययन

अध्ययन अवधि के दौरान 144 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से कुल 2.13 लाख करोड़ रुपये जुटाये गये। इसमें कुल निर्गम आकार का 65 प्रतिशत बिक्री पेशकश (ओएफएस) के अंतर्गत था। इसके माध्यम से कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों ने अपनी हिस्सेदारी बेची सेबी के अध्ययन के मुताबिक "निवेशकों को आवंटित लगभग 54 प्रतिशत निर्गम सूचीबद्धता के एक सप्ताह के भीतर बेच दिये गये।"

*सेबी ने निवेशकों के व्यवहार का किया विश्लेषण : सेबी ने आईपीओ में खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और काफी संख्या में बोलियों को देखते हुए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में निवेशक के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए एक अध्ययन किया है। अध्ययन में अप्रैल, 2021 और दिसंबर, 2023 के बीच सूचीबद्ध 144 आईपीओ के आंकड़े को शामिल किया गया है।*

### समय से पहले बेचने की प्रवृत्ति

सेबी के अध्ययन में वित्तीय लाभ अर्जित करने वाली परिसंपत्तियों को समय से पहले बेचने की प्रवृत्ति पायी गयी। इसमें निवेशकों में घाटे में सूचीबद्ध शेयरों की तुलना में लाभ वाले आईपीओ शेयरों को बेचने का रुख अधिक दिखाई दिया।

### व्यक्तिगत निवेशकों के एक सप्ताह में 50 फीसदी शेयर बेचे

व्यक्तिगत निवेशकों ने सूचीबद्ध होने के एक सप्ताह के भीतर उन्हें आवंटित 50.2 प्रतिशत शेयर (मूल्य के संदर्भ में) बेच दिये। वहीं गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) ने 63.3 प्रतिशत शेयर और खुदरा निवेशकों ने 42.7 प्रतिशत शेयर बेचे। दिलचस्प बात यह है कि व्यक्तिगत निवेशकों ने एक साल के भीतर मूल्य के हिसाब से 70 प्रतिशत शेयर बेच दिये।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने राज्य के वित्त मंत्रियों से किया आग्रह

# वैकल्पिक ईंधन वाले वाहन पर जीएसटी घटाकर 12 प्रतिशत करने पर हो विचार

- फ्लेक्स फ्यूल से आशय एक से अधिक ईंधन पर चलने वाली गाड़ियां
- हाइब्रिड वाहनों पर वर्तमान में 28 फीसदी जीएसटी लगाया जा रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि राज्य के वित्त मंत्रियों को 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर 12 प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए।'फ्लेक्स फ्यूल' वाले वाहन से आशय ऐसी गाड़ियों से हैं जो एक से अधिक ईंधन पर चलती हैं। सामान्य तौर पर ये वाहन पेट्रोल के अलावा एथनॉल या मेथनॉल मिश्रित पेट्रोल पर भी चलते हैं।

### एक्सपो को किया संबोधित

गडकरी ने आईएफजीई के इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि कच्चे तेल के आयात को कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, "हमें विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों से समर्थन की जरूरत है।

### वित्त मंत्री सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों से बातचीत करेगी

केंद्रीय वित्त मंत्री ने मुझे आश्वस्त किया है कि वह इस बारे में सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों से बातचीत करेंगी।'गडकरी ने कहा, "मैंने महाराष्ट्र के वित्त मंत्री से बैठक में भाग लेने और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन कारों पर जीएसटी में कटौती का प्रस्ताव रखने को कहा है।"




### उद्योग 4.5 करोड़ नौकरियां सृजित कर चुका

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यह...उद्योग अबतक 4.5 करोड़ नौकरियां सृजित कर चुका है। यह वह उद्योग है, जो राज्य और केंद्र सरकार को अधिकतम जीएसटी दे रहा है।' गडकरी ने यह भी कहा कि हीरो और बजाज जैसी दोपहिया वाहन विनिर्माता भारत में बनने वाली 50 प्रतिशत बाइक का निर्यात करते हैं।

### जैव ईंधन क्षेत्र में काफी संभावनाएं

मंत्री के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और जैव ईंधन को प्रोत्साहित करने के कारण सबसे ज्यादा लाभ कृषि क्षेत्र को होगा। उन्होंने कहा, "आज जैव-ईंधन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।"

### ईवी वाहनों पर 5 फीसदी जीएसटी लगता है

वर्तमान में, हाइब्रिड सहित पेट्रोल इंजन वाले वाहनों पर 28 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। गडकरी ने यह भी कहा कि देश हर साल 22 लाख करोड़ रुपये तक का जीवाश्म ईंधन (कोयला, कच्चा तेल) आयात करता है और यह न केवल वायु प्रदूषण से जुड़ी समस्या है बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है।

### फ्लेक्स फ्यूल वाहनों पर कर कम करने करे विचार

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर कर कम करने पर विचार करने का अनुरोध किया था। महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजित पवार के साथ एक अलग बैठक में, गडकरी ने उन्हें इस मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ जीएसटी बैठक में भाग लेने का सुझाव दिया।

### कच्चे तेल के आयात को कम करने व जैव ईंधन को प्रोत्साहित करने की जरूरत

### पूरी दुनिया में प्रदूषण बड़ी चिंता

गडकरी ने कहा, "अगर हमारे पास जैव-ईंधन के लिए अच्छी तकनीक हो तो हमारा निर्यात 10 से 20 प्रतिशत और बढ़ जाएगा। इसका कारण पूरी दुनिया में अब प्रदूषण एक बड़ी चिंता का विषय है।"

### जैव ईंधन की लागत कम है

गडकरी के मुताबिक, देश में जैव ईंधन की लागत कम है और यह प्रदूषण भी नहीं फैलाता है। इसीलिए यह आम आदमी के लिए भी फायदेमंद होने वाला है। मंत्री ने कहा कि वाहन उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उद्योग है।

# दो हजार के 97.96 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आए

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- 7,261 करोड़ रुपए मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास
- 19 मई 2023 को आरबीआई ने 2000 के नोट वापस लेने की घोषणा की थी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2000 रुपये मूल्य के 97.96 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। अब भी 7,261 करोड़ रुपये के नोट लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उस समय चलन में 2000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। इस साल 30 अगस्त को कारोबार समाप्ति पर यह घटकर 7,261 करोड़ पर आ गया। आरबीआई ने बयान में कहा, "इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.96 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक देश में सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

*आरबीआई के 19 कार्यालयों में वापसी की सुविधा*
*बैंक नोटों को जमा/विनिमय करने वाले 19 आरबीआई कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। नवंबर, 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को चलन से हटाने के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट लाये गये थे।*

# एयरटेल ने 5जी नेटवर्क पर 300 एमबीपीएस की रफ्तार पाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल, चिप विनिर्माता मीडियाटेक और स्मार्टफोन कंपनी नोकिया परीक्षणों के दौरान 5जी नेटवर्क पर 300 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अपलोड रफ्तार हासिल करने में सफल रही हैं। सोमवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। परीक्षण में नवीनतम पीढ़ी के चिपसेट का इस्तेमाल करते हुए मिड-बैंड स्पेक्ट्रम के एक सेट का संयुक्त उपयोग किया गया था। बयान के मुताबिक, अपलिंक प्रदर्शन को अधिकतम करने के इरादे से एयरटेल की टेक लैब में यह परीक्षण किया गया और 5जी नेटवर्क प्रदर्शन में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए 300 एमबीपीएस की अपलिंक रफ्तार हासिल की गई।

परीक्षण के दौरान 3.5 गीगाहट्र्ज और 2.1 गीगाहट्र्ज की आवृत्ति के बैंड को जोड़कर अपलोड रफ्तार बढ़ाई गई। इसमें मीडियाटेक के 5जी




- परीक्षण में नवीनतम पीढ़ी के चिपसेट का इस्तेमाल

मोबाइल मंच डाइमेंशन और नोकिया के 5जी एयरस्केल रेडियो उपकरण का इस्तेमाल किया गया। भारती एयरटेल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी रणदीप सेखों ने कहा, "यह परीक्षण नेटवर्क के अपलिंक प्रदर्शन को बहुत बढ़ाएगा जिससे डेटा की तेज रफ्तार और बेहतर संपर्क हासिल होगा।" मीडियाटेक के वायरलेस संचार प्रणाली और भागीदारी महाप्रबंधक हो-ची ह्वांग ने कहा, "हम भारत में इस अभूतपूर्व परीक्षण पर सहयोग करके रोमांचित हैं। हमारे मंच ने एयरटेल के नेटवर्क पर अधिकतम रफ्तार हासिल करने में अहम भूमिका निभाई है।"

### 5जी नेटवर्क के लिए रास्ता तैयार होगा

नोकिया इंडिया के कंट्री प्रबंधक और मोबाइल नेटवर्क कारोबार प्रमुख तरुण छाबड़ा ने कहा कि इस परीक्षण से बेहतर 5जी नेटवर्क के लिए रास्ता तैयार होगा।

# चांदी में 1700 रुपए की बड़ी गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और फुटकर विक्रेताओं की सुस्त मांग के कारण दिल्ली सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सिक्का निर्माताओं और औद्योगिक इकाइयों



के कमजोर उठान के कारण चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये लुढ़ककर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 2,531.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# सेबी प्रमुख बुच ने कहा- कंपनी की दी जानकारी दूसरे एक्सचेंज में होगी साझा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा है कि किसी सूचीबद्ध कंपनी द्वारा एक शेयर बाजार में किया गया खुलासा या जानकारी स्वचालित रूप से दूसरे एक्सचेंज पर 'अपलोड' हो जाएगी। यह कदम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा



हाल ही में सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा खुलासे के साथ-साथ सूचीबद्धता जरूरतों में व्यापक बदलावों का प्रस्ताव दिए जाने के बाद उठाया गया है। यह प्रस्ताव सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य एस. के. मोहंती की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों पर आधारित है।

### सीआईआई के कार्यक्रम में बोली बुच

सेबी की प्रमुख बुच ने सोमवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा, "एक्सचेंज में एक ही 'फाइलिंग' बहुत जल्द वास्तविकता बन जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बदलावों के तहत एक एक्सचेंज को दी गई जानकारी (फाइलिंग) स्वचालित रूप से दूसरे एक्सचेंज पर साझा हो जाएगी।

# शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला कायम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी कोषों के प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। मानक सूचकांक सेंसेक्स 194 अंक बढ़ा जबकि निफ्टी में 43 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार 10वें सत्र में बढ़कर नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 194.07 अंक उछलकर 82,559.84 अंक के नए मुकाम को हासिल किया। निफ्टी 42.80 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,278.70 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, एनएसई निफ्टी की वर्ष 1996 में शुरुआत होने के बाद से लगातार तेजी का यह



- सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर
- विदेशी कोषों के प्रवाह से बाजार में रही तेजी

सबसे लंबा दौर है। रिकॉर्डतोड़ तेजी के इस दौर में सेंसेक्स कुल 2,135.16 अंक यानी 2.65 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी ने करीब 1,140 अंक यानी 4.72 प्रतिशत की छलांग लगाई है। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने और घरेलू स्तर पर विदेशी पूंजी के प्रवाह से शेयर बाजारों में तेजी का दौर देखा जा रहा है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034वी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# पेरिस पैरालंपिक : नितेश और अंतिल को स्वर्ण, सुहास-तुलसीमति की चांदी, भारत ने जीते 9 पदक

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

पेरिस। भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 में अपना पहला पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीता। सुहास यथिराज, तुलसीमति ने रजत और मनीषा रामदास ने महिला एकल एसयू5 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। इससे सोमवार को भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।

हरियाणा के 29 साल के नितेश ने फाइनल में कड़े मुकाबले में अपने मजबूत डिफेंस और सही शॉट चयन की मदद से टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14, 18-21, 23-21 से हराया।



## बैडमिंटन : दो रजत और एक कांस्य भी जीते

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज ने लगातार दूसरी बार रजत जीता जो पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा के फाइनल में सोमवार को फ्रांस के लुकास माजूर से सीधे गेम में हार गए। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी 41 वर्ष के सुहास को एकतरफा मुकाबले में 9-21, 13-21 से पराजय झेलनी पड़ी। टोक्यो पैरालम्पिक में तीन साल पहले भी लुकास ने ही सुहास को हराया था। महिला एकल एसयू5 वर्ग के फाइनल में बाइस साल की शीर्ष वरीय तुलसीमति को चीन की गत चैंपियन यैंग किवू शिया के खिलाफ 17-21, 10-21 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्नीस साल की दूसरी वरीय मनीषा ने डेनमार्क की तीसरी वरीय कैथरीन रोसेनग्रेन को 21-12, 21-8 से हराकर कांस्य पदक जीता।




## सुमित को भालाफेंक एफ64 में स्वर्ण

भालाफेंक स्टार सुमित अंतिल अपना खिताब बरकरार रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए जब उन्होंने एफ64 वर्ग में रिकॉर्ड 70.59 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। सोनीपत के 26 वर्ष के विश्व रिकॉर्डधारी सुमित ने अपना ही 68.55 मीटर का पैरालंपिक रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में बनाया था। उनका विश्व रिकॉर्ड 73.29 मीटर का है।



## शीतल और राकेश ने जीता कांस्य

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी और राकेश कुमार की जोड़ी ने मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में हारने की निराशा से उबरते हुए इटली के मातेओ बोनासिना और एलेओनोरा सारती को 156-155 से हराकर कांस्य पदक जीत लिया। भारत के लिए पैरालम्पिक में तीरंदाजी का पदक इससे पहले सिर्फ हरविंदर सिंह ने तीन साल पहले टोक्यो में (कांस्य) जीता था।

## खबर संक्षेप



### प्रियांश आर्य के आदर्श हैं विराट कोहली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन कर रहे प्रियांश आर्य अपने आदर्श दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की तरह 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं और उन्हें उम्मीद है कि एक दिन आईपीएल में उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलेंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में एक ही ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने प्रियांश ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी नीलामी में उनके चुने जाने की संभावना को फिलहाल अधिक तवज्जो नहीं दे रहे। प्रियांश नौ पारियों में दो शतक की मदद से 602 रन बनाकर टीम के सबसे सफल बल्लेबाज हैं।

### नागल डेविस कप मुकाबले से हटे

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए। नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी। नागल के हटने के बाद रिजर्व खिलाड़ी आर्यन शाह को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि मानस धमने को स्टैंडबाय पर रखा गया है।



### पहले दौर के मैच नहीं खेल सकेंगे सूर्यकुमार

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दाहिने हाथ में लगी चोट के कारण पांच सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच नहीं खेल सकेंगे। सूर्यकुमार ने कोयंबटूर में तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश के खिलाफ मुंबई के लिए बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट खेला था। वह चोट के कारण आखिरी दिन नहीं खेल सके। सूर्यकुमार को पांच से आठ सितंबर तक अनंतपुर में भारत डी के खिलाफ भारत सी के लिये खेलना है। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाएंगे।



### एम्बाप्पे ने रियल मैड्रिड के लिए दागा पहला गोल

**मैड्रिड।** किलियन एम्बाप्पे ने ला लीगा मैच में अपना पहला गोल दागा, जिससे रियल मैड्रिड ने सैंटियागो बर्नाबेउ में रियल बेटिस पर 2-0 की जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही रियल मैड्रिड तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। एम्बाप्पे ने अटलांटा के खिलाफ यूईएफए सुपर कप मैच में गोल किया था, लेकिन मैड्रिड के पहले तीन ला लीगा मैचों में गोल करने में नाकाम रहे थे, जिसके कारण उन्हें आलोचकों का सामना करना पड़ा था। दरअसल, 67वें मिनट में फ्रेंच सुपरस्टार ने करीब से गोल किया, जो कि मिडफील्डर फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार बैक-हील पास की वजह से आसानी से हुआ।




## टेनिस : पिछले 10 वर्षों से कोई खिलाड़ी नहीं बचा पाया खिताब

# कोको बाहर, यूएस ओपन में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का बना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। इस तरह से वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का पिछले 10 वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी है। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं।

गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि इसे सकारात्मक रूप में लिया। गॉफ ने कहा, 'भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। कितने ही खिलाड़ी हैं जो चौथे दौर में पहुंचाना चाहते हैं और ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहते हैं। कई खिलाड़ी हैं जो ध्वजवाहक बनना चाहते हैं। यह इस परिप्रेक्ष्य में है।'






### जोकोविच भी नहीं तोड़ पाए सिलसिला

यह परिणाम शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक जोकोविच की तीसरे दौर में हार के बाद आया है। इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने में असफल रहने का पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी रहेगा। अमेरिकी ओपन में पिछले 10 वर्ष से कोई भी खिलाड़ी लगातार दो बार खिताब नहीं जीत पाया है। महिला एकल में ऐसा करने वाली आखिरी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थी जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे। पुरुष वर्ग में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था।

### सबालेंका ने क्वार्टर में बनाई जगह



*नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया। सबालेंका क्वार्टर फाइनल में झेंग किनवेन से भिड़ेगी, जिन्होंने सोमवार को सुबह दो बजकर 15 मिनट पर समाप्त हुए मैच में डोना वेकिच को 7-6 (2), 4-6, 6-2 से हराया।*

### पोपिरिन का थमा सफर



पुरुष वर्ग में जोकोविच को हराने वाले 28 वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया और वह फ्रांसिस टियाफो से 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गए। लगातार तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले टियाफो का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया। टेलर फ्रिट्ज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की पुरुष युगल जोड़ी को मिली हार




रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की तीसरे दौर में हार के साथ ही भारत की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी रविवार की रात को खेले गए मैच में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 66 मिनट में 1-6, 5-7 से हार गई।

# गठिया से जूझ रहीं साइना दिसंबर तक संन्यास संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की चोटी की बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया से जूझ रही हैं। उन्हें इस साल के अंत तक इस खेल में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य दिनों की तरह अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 34 वर्षीय नेहवाल ने लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीता था। तीन बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली नेहवाल ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी। राष्ट्रमंडल खेल 2010 और 2018 की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकती हैं कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। दिग्गज निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग के 'हाउस ऑफ ग्लोरी' पॉडकास्ट में नेहवाल ने कहा, 'मेरे घुटने की स्थिति अच्छी नहीं है। मुझे गठिया है। मेरा कार्टिलेज खराब हो गया है। ऐसे में आठ-नौ घंटे तक खेल से जुड़े रहना बहुत मुश्किल है। ऐसी स्थिति में आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे। मुझे किसी न किसी स्तर पर इसे स्वीकार करना होगा क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए दो घंटे का अभ्यास पर्याप्त नहीं है।'



### संन्यास के प्रभाव पर विचार

नेहवाल ने कहा कि वह अभी इस बात पर विचार कर रही हैं कि संन्यास लेने का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि आखिरकार उन्हें फैसला लेना होगा। वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य भी हैं। उन्होंने अंतिम टूर्नामेंट एक साल से भी अधिक समय पहले सिंगापुर ओपन के रूप में खेला था जिसमें वह शुरुआती दौर में हार कर बाहर हो गई थी। उन्होंने कहा, 'मैं संन्यास लेने के बारे में सोच रही हूं। यह पीड़ा दायक होगा क्योंकि यह एक आम आदमी की तरह की जाने वाली नौकरी की तरह है। जाहिर है, एक खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है। मैंने नौ साल की उम्र में शुरुआत की थी। अगले साल मैं 35 वर्ष की हो जाऊंगी।'

## धनुष का विश्व रिकॉर्ड, भारत ने पुरुष एयर राइफल में किया क्लीन स्वीप

### बधिर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने जर्मनी के हेनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दबदबा बनाया जब धनुष श्रीकांत, शौर्य सैनी और मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने तीनों पदक देश की झोली में डाले। धनुष ने एक ही दिन में दो विश्व रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने पहले क्वालीफिकेशन दौर में 632.7 के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और फिर फाइनल में भी 251.7 अंक के साथ पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

शौर्य ने फाइनल में 249.9 अंक के साथ रजत पदक जीता। मुर्तजा वानिया ने 226.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष स्पर्धा के अलावा महिला वर्ग में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया जब माहित संधू और नताशा जोशी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीत चुका है।



### वांडरर्स पर होगा एसए20 के तीसरे सत्र का फाइनल

**जोहानिसबर्ग।** बेतवे एसए20 लीग के तीसरे सत्र का फाइनल वांडरर्स स्टेडियम पर आठ फरवरी को खेला जायेगा जबकि पहला मैच नौ जनवरी को दो बार के चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और मुंबई इंडियंस केपटाउन के बीच सेंट जॉर्जस पार्क पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यहां लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और सभी छह टीमों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में तीसरे सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले सत्र की उपविजेता डरबन सुपर जाइंट्स का सामना 10 जनवरी को डरबन के किंग्समीड स्टेडियम पर प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन पहली बार डरबन टीम के लिये खेलेंगे जबकि कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट के कारण दूसरे सत्र से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं।

### पैरालंपिक ...



**पेरिस।** अमेरिका की बीट्रिज़ हेट्ज़ पिस ने पैरालिंपिक के दौरान स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में महिलाओं की लंबी कूद टी64 फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया।

### नितिन, एंसी सोजन बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट

**बेंगलुरु।** सेना की लंबी कूद की अनुभवी खिलाड़ी एंसी सोजन ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप के समापन दिन 6.71 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार अपने नाम किया। तेईस साल की यह खिलाड़ी दिग्गज अंजू बॉबी जॉर्ज के 2002 में बनाए गए 6.74 मीटर के मीट रिकॉर्ड को तोड़ने से मामूली अंतर से चूक गईं। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मेरा 6.71 मीटर का स्वर्ण जीतने वाला प्रदर्शन 2025 सत्र की तैयारी के लिए एक अच्छा मानदंड होगा।' तमिलनाडु के नितिन इस आयोजन के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए। उन्होंने 200 मीटर दौड़ को 20.66 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।



## इंटरकांटिनेंटल कप : नौ सितंबर तक होगा टूर्नामेंट

# मार्केज की देखरेख में भारत का पहला मैच आज

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

विश्व कप क्वालीफायर में निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां इंटरकांटिनेंटल कप के पहले मैच में जब मॉरीशस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।

भारत की कोशिश नए मुख्य कोच मोनालो मार्केज के नेतृत्व में दमदार आगाज करने की होगी। भारतीय पुरुष टीम 16 साल में पहली बार तेलंगाना की राजधानी पहुंची है। यह शहर तीन से नौ सितंबर तक इंटरकांटिनेंटल कप के लिए मॉरीशस और सीरिया की मेजबानी करेगा। मार्केज ने इस टूर्नामेंट को एएफसी एशियन कप क्वालीफायर जैसे भविष्य के बड़े टूर्नामेंटों की तैयारियों के लिए 'ड्रेस रिहर्सल' करार दिया है। मार्केज का मानना है कि वह सत्र के शुरू होने के बाद टीम की गुणवत्ता का बेहतर आकलन कर पायेंगे। स्पेन के इस कोच ने कहा, 'सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में इस तरह के मैचों को खेलने का मुख्य लक्ष्य मार्च में खेले जाने वाले एशियाई कप क्वालीफायर जैसे अहम आयोजन के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करना है। फीफा के मौजूदा सत्र का पहला विंडो हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है क्योंकि हम अब भी सत्र पूर्व वाली स्थिति में है। कुछ क्लबों ने डूरंड कप में अपनी रिजर्व टीम के साथ भाग लिया। हम सभी खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के बारे में ठीक से नहीं जानते हैं। फीफा के अगले विंडो में हालांकि ऐसा नहीं होगा क्योंकि उस समय आईएसएल का आयोजन हो रहा होगा।' इंटरकांटिनेंटल कप के मैच यहां के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाएंगे।



### भारत का लक्ष्य एशिया कप

*भारतीय टीम का दीर्घकालिक लक्ष्य 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करना है जिसका आगाज अगले साल मार्च में होगा। मार्केज ने आगामी तीन अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया है ताकि एएफसी एशियाई कप के लिए दिसंबर में होने वाले ड्रॉ में भारतीय टीम को पॉट एक में जगह मिल पाए। मार्केज के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ियों के साथ सिर्फ दो अभ्यास सत्र करने का मौका मिला है।*

# बांग्लादेश जीत से 143 रन दूर हसन-राणा ने झटके 9 विकेट



एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

युवा तेज गेंदबाजों हसन महमूद और नाहिद राणा ने आपस में नौ विकेट साझा कर के सोमवार को दूसरे टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान की दूसरी पारी को 172 रन पर समेट दिया, जिससे बांग्लादेश के पास दो मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने का मौका है। खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण दिन के आखिरी सत्र में सिर्फ एक ओवर का खेल हो गया। बांग्लादेश ने जीत के लिए 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात ओवरों में बिना किसी नुकसान के 42 रन बना लिए थे। मैच के आखिरी दिन अब टीम को जीत के लिए 143 रन की जरूरत है और उसके सभी विकेट बचे हुए है।

बांग्लादेश की टीम अगर इस मैच को जीतने या ड्रॉ कराने में सफल रही तो यह टेस्ट श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पहली जबकि विदेशी सरजमीं द्विपक्षीय श्रृंखला में दूसरी जीत होगी। टीम इससे पहले 2009 में वेस्टइंडीज में टेस्ट श्रृंखला अपने नाम करने में सफल रही थी। पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के पहले मैच को 10 विकेट से जीतने वाले बांग्लादेश के लिए सोमवार को 21 साल के राणा ने शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि 24 साल के महमूद ने मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों को चलता कर टीम के लिए अच्छा मौका बनाया है।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457. फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com